जिसमें से – चालू खाता जमाराशियां	34,327.6	49,650.1
बचत बैंक जमाराशियां	174,076.2	266,301.3
कासा जमाराशियां	208,403.8	315,951.4
घरेलू जमाराशियों में घरेलू कासा (%)	40.2	39.1
अग्रिम	468,818.7	690,120.7
जिसमें से – घरेलू अग्रिम	370,185.0	570,340.8
अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम	98,633.8	119,780.0
कुल आस्तियाँ	**780,987.4**	**1,157,915.5**
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	**18,683.8**	**27,451.3**
अन्य आय	**6,294.5**	**10,317.3**
जिसमें से – शुल्क आय	3,576.1	4951.0
विदेशी मुद्रा आय	693.2	1,016.1
व्यापारिक अभिलाभ	989.5	
पीडब्ल्यूओ से वसूली	832.0	1,531.8
गैर ग्राहक ब्याज आय	204.0	67.0
एनआईआई + अन्य आय	**24,774.7**	**37,768.6**
परिचालनगत व्यय	**11,288.0**	**18,077.2**
परिचालनगत लाभ	**13,486.8**	**19,691.4**
प्रावधान	**12,788.7**	**21,493.5**
जिसमें से – एनपीए व बट्टाकृत अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	12,192.40	16404.9
कर पूर्व लाभ	**698.2**	**-1802.1**
कर हेतु प्रावधान	**264.6**	**-2348.3**
निवल लाभ	**433.5**	**546.2**
विनियोजन / अंतरण		
सांविधिक प्रारक्षित निधि	108.4	145.9
पूंजी प्रारक्षित निधि	210.4	822.2
राजस्व और अन्य प्रारक्षित निधि		
i) सामान्य प्रारक्षित निधि	0	-560.3
ii) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (I) (viii) के तहत विशेष प्रारक्षित निधि	182.1	180.0
iii) निवेश अधिशेष खाता		-41.6
प्रस्तावित लाभांश	0	0

* आंकड़े समामेलन से पूर्व की अवधि हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टैंड अलोन वित्तीय परिणामों से संबद्ध हैं, अतः 31 मार्च, 2020 के वार्षिक वित्तीय परिणामों से तुलनीय नहीं है.

₹ करोड़

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	31.03.19*	31.03.20
निधियों की औसत लागत (%)	4.83	5.11
औसत अर्जन (%)	7.28	7.55
औसत ब्याज अर्जन आस्तियाँ	6,86,743.0	10,07,058.7
औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं	6,48,495.6	9,49,179.9
निवल ब्याज मार्जिन (%)	2.72	2.72
लागत-आय अनुपात (%)	45.56	47.9
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) (%)	0.06	0.06
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	1.18	1.23
प्रति शेयर बही मूल्य (रुपये)	138.42	96.22
मूल ईपीएस (रुपये)	1.64	1.36

दिनांक 31 मार्च को बैंक की कुल जमा राशि बढ़कर रू. 9,45,985 करोड़ हो गई. अंतरराष्ट्रीय ऋण एवं घरेलू रिटेल ऋण के मुख्य योगदान से अग्रिम बढ़कर रू. 6,90,121 करोड़ हो गया. वित्त वर्ष में शुद्ध ब्याज मार्जिन 2.72% पर स्थिर रहा. बैंक ने रु. 19,691 करोड़ का परिचालन लाभ दर्ज किया है. कुल प्रावधान (कर के अलावा) एवं आकस्मिकता निधि रू. 21,493 रही और एनपीए हेतु रू. 16,405 करोड़ का प्रावधान किया गया. बैंक ने रु. 546 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया.

पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर)		अनुपात%
	31.03.19*	31.03.20
पूंजी पर्याप्तता अनुपात-बासेल III	13.42	13.30
सीईटी-I	10.38	9.44
टीयर-I	11.55	10.71
टीयर-II	1.87	2.59

दिनांक 31 मार्च, 2020 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) और सीईटी-1 क्रमशः 13.30% और 9.44% रहा. समेकित समूह पूंजी पर्याप्तता अनुपात 13.87% रहा.

दिनांक 31 मार्च, 2020 को बैंक की निवल मालियत रू. 44,457 करोड़ रही जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी रू. 925 करोड़ रही, प्रारक्षित निधि रू. 43, 532 करोड़ रही (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधियों, विदेशी मुद्रा अंतरण

प्रारक्षित निधियों और अन्य अमूर्त आस्तियों को छोड़कर). शेयर (अंकित मूल्य रू. 2) का बुक वैल्यू 31.03.2020 को रू. 96.22 रहा.

लाभांश

भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना आरबीआई/2019-20/218 डीओआर. बीपी.बीसी.नं 64/21.02.067/2019-20 दिनांक 17 अप्रैल 2020 द्वारा बैंकों को कोविड-19 के कारण आई अनिश्चितता के कारण पूंजी संरक्षण, अपनी क्षमता को बनाए रखने, अर्थव्यवस्था का समर्थन करने एवं हानि को कम करने के बारे में सूचित किया गया है. तदनुसार बैंक द्वारा 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्त वर्ष में हुए लाभ पर किसी लाभांश की घोषणा नहीं की गई है.

प्रबंधन के विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

वैश्विक अर्थव्यवस्था

कैलेंडर वर्ष 2018 के 3.6% के मुकाबले कैलेंडर वर्ष 2019 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि घटकर 2.9% हो गई. मौजूदा कोविड-19 महामारी के कारण अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम अध्ययन के अनुसार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में कै.वर्ष 2020 में 4.5% की कमी आने का अनुमान है. व्यापार और टैरिफ युद्ध के कारण विश्व व्यापार की मात्रा में संकुचन के फलस्वरूप सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) कै. वर्ष 2018 के दौरान 3.8% से घटकर कै. वर्ष 2019 में 0.9% होने के कारण मंदी आई है. इससे वैश्विक स्तर पर विनिर्माण गतिविधि एवं निवेश प्रभावित हुआ है. इसके अलावा उच्च ब्याज दर, ब्रेक्सिट और अमरीकी राजकोषीय उपायों में कमी के प्रभाव की वजह से भी वृद्धि में कमी आई है. इसके अतिरिक्त वर्ष 2018 में 29.4% की वृद्धि दर्ज करने के पश्चात कै. वर्ष 2019 में वैश्विक कोमोडिटी मूल्य में 10.2% की गिरावट दर्ज की गई है.

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर कै. वर्ष 2018 के 4.5% से कै. वर्ष 2019 में 3.7% होने के रूप में मंदी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है जोकि मुख्य रूप से भारत एवं चीन की वृद्धि दर में कमी के कारण है. जर्मनी व अमेरिका जैसे समुन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों में विकास दर कै. वर्ष 2018 के 2.2% के मुकाबले धीमा होकर कै. वर्ष 2019 में 1.7% हो गई. जर्मनी में वृद्धि दर कै. वर्ष 2018 के 1.5% के मुकाबले घटकर वर्ष कै. वर्ष 2019 में 0.6% हो गई है जोकि यूरो क्षेत्र में नये इमिशन मानकों के परिणाम स्वरूप वाहन उद्योग की समस्याओं के कारण हुआ है.

भारतीय अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि वित्त वर्ष 2019 के 6.1% के स्तर से वित्त वर्ष 2020 में 4.2% तक घट गई. यह वित्त वर्ष 2009 से न्यूनतम है. यह गिरावट निवेश माँग में 9.8% की बढ़ोत्तरी के स्तर से (-) 2.8% तक घट जाने के कारण आई है. यहां तक कि वित्त वर्ष 2020 में खपत भी 2019 के 7.2% से घटकर 5.3% पर आ गया है. वर्ष के दौरान सरकारी व्यय की गति बनी रही. क्षेत्रोन्मुख दृष्टि से कृषि ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र था जिसने वर्ष के दौरान खपत और मांग को समर्थन किया. इस वर्ष भी मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जो कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है.

वित्त वर्ष 2020 में औद्योगिक गतिविधियां भी अपेक्षाकृत कम ही हुई और वित्त वर्ष 2019 के 4.6% के मुकाबले इस वर्ष मात्र 0.9% की वृद्धि हो सकी. औद्योगिक क्षेत्र में आई कमी का कारण विनिर्माण क्षेत्र में वर्ष 2020 के दौरान मात्र 0.1% वृद्धि थी. वित्त वर्ष 2019 में 7.7% की वृद्धि की तुलना में सेवा संबंधी गतिविधियों में भी वित्त वर्ष 2020 में 5.5% की वृद्धि दर्ज की गई. कोविड-19 के प्रकोप के निवारण के लिए किए जा रहे उपायों की वजह से आई घरेलू और वैश्विक बाधाओं के कारण वर्ष 2020 की चौथी तिमाही में वृद्धि में गिरावट आई.

वृद्धि में आई कमी के साथ ही ग्राहक मूल्य सूचकांक(सी.पी.आई) से सम्बद्ध मुद्रास्फीति जो कि वित्त वर्ष 2019 में 3.4 % थी, वर्ष 2020 में 4.8 % के स्तर पर आ गयी. ऐसा खाद्य मुद्रास्फीति के अधिक होने के कारण हुआ. वित्त वर्ष 2020 के उत्तरार्ध में खाद्य मुद्रास्फीति 10.9 % रही जो कि वर्ष 2019 की पहली छमाही में (-) 1.5 % थी. खराब मौसम से आपूर्ति में आई बाधाओं एवं सब्जियों की कीमत में उछाल के कारण खाद्य मुद्रास्फीति में बढ़ोत्तरी हुई. विशेषकर तेल की घटी कीमतों और इसकी मांग में आई कमी के कारण कोर मुद्रास्फीति वर्ष 2019 के 5.8 % के मुक़ाबले वर्ष 2020 में 4% के स्तर पर आ गई.

हालांकि कोविड-19 के चलते आई बाधाओं के कारण यह वर्ष चुनौतीपूर्ण हो सकता है, ज्यादा उत्पादन और न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के कारण ग्रामीण खपत में वृद्धि बनी रहने की उम्मीद है. शहरों से ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन और मनरेगा पर होने वाले अधिक सरकारी व्यय से ग्रामीण मांग बढ़ेगी. भारतीय रिजर्व बैंक के साथ सरकार ने अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभावों को कम करने के लिए रू. 21 लाख करोड़ के मौद्रिक एवं राजकोषीय पैकेज की घोषणा की है

भारतीय बैंकिंग का विकास

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण वृद्धि में वित्त वर्ष 2019 की 13.2% की तुलना में वर्ष 2020 में कई वर्षों में सबसे कम 6.1% की वृद्धि दर्ज की गई. एक ओर जहां रिटेल ऋणों में उछाल जारी है, कृषि क्षेत्र में वृद्धि है, दूसरी ओर एमएसएमई एवं कारपोरेट क्षेत्रों की मांग में आई गिरावट के कारण जीडीपी वृद्धि में कमी आई है. हालांकि जमा में वृद्धि वित्त वर्ष 2020 में वर्ष दर वर्ष आधार पर 7.9% रही. ऋण में कम वृद्धि को छोड़ बैंकिंग क्षेत्र में आईबीसी के अंतर्गत कुछ खातों के सक्रिय समाधान से आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार आया और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनःपूंजीकरण के कारण उनकी स्थिति में सुधार आ सका.

अपेक्षाकृत धीमी आर्थिक गति को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी 2019 और अक्टूबर 2019 के मध्य नीतिगत रेपो दर को 135 बीपीएस कम कर दिया. इसके पश्चात फरवरी और मार्च 2020 के दौरान फिर से 115 बीपीएस की कमी की गई. वास्तविक अर्थव्यवस्था में ब्याज दर के ट्रांसमिशन हेतु भारतीय रिजर्व बैंक ने नए रिटेल ऋणों के लिए 1, अक्टूबर 2019 से बाह्य बेंचमार्क पद्धति लागू की जिसे 1, अप्रैल 2020 को एमएसएमई ऋण के लिए विस्तारित किया गया.

ब्याज दर में कमी के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अर्थव्यवस्था के समर्थन के लिए अन्य महत्वपूर्ण उपायों की भी घोषणा की गई. इस क्रम

में सर्वप्रथम यह सूचित किया गया कि बैंक द्वारा कोविड-19 के प्रभाव के कारण आई कठिनाइयों से निपटने हेतु ग्राहकों को 3 महीने की अवधि तक स्थगन सुविधा प्रदान की जा सकती है. बाद में इसे फिर से 3 महीने के लिए विस्तारित किया गया. हालांकि बैंकों को स्टैंडस्टील कारणों से होने वाले लाभों का दावा करने वाले खातों पर 10% का अतिरिक्त प्रावधान प्रदान करना आवश्यक होगा जिन्हें अन्यथा एनपीए घोषित कर दिया जाता. दूसरी ओर इसने बैंकों की आहरण शक्ति में वृद्धि करते हुए ऋणकर्ताओं को उनकी कार्यशील पूंजी में विस्तार करने की छूट प्रदान की. तीसरे, भारतीय रिजर्व बैंक ने नाबार्ड, सिडबी, एनएचबी, एक्जिम बैंक और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को क्रेडिट लाइन भी प्रदान की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, म्यूच्यूअल फंड और एचएफसी/एनबीएफसी को पर्याप्त लिक्विडिटी का लाभ मिल सके. चौथे, इसने दीर्घकालिक रेपो, लक्षित दीर्घकालिक रेपो और ओएमओ के माध्यम से स्थायी लिक्विडिटी प्रदान किया. इसके परिणाम स्वरूप अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का लिक्विडिटी अधिशेष वर्ष 2019 में 1.2 लाख करोड़ की कमी की तुलना में वर्ष 2020 में औसतन 1.8 लाख करोड़ अधिक रहा.

बैंकिंग प्रणाली में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई लिक्विडिटी के संचयी प्रभाव के कारण औसत उधार दर में 65 बीपीएस और मध्यम अवधि की जमा दरों में 47 बीपीएस की गिरावट आई है. वित्त वर्ष 2020 में दीर्घ अवधि (10 वर्ष) सोवरेन बॉन्ड प्रतिफल में 121 बीपीएस की गिरावट दर्ज की गई.

भारत सरकार द्वारा बैंकिंग क्षेत्रों के लिए सुधारात्मक उपायों की एक श्रृंखला की भी घोषणा की गई है. प्रथमतः, सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों को 4 बड़े पीएसबी में विलय किया गया जिससे अब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या घटकर 12 हो गई है. दूसरे, सरकार ने वित्त वर्ष 2020 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का पुनर्पूंजीकरण भी किया जिसके माध्यम से कुल रु. 65,443 करोड़ की पूंजी उपलब्ध कराई गई है. इसके अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा को भी रु. 7, 000 करोड़ की पूंजी प्राप्त हुई है. तीसरे, बैंक सहित समस्त कार्पोरेट इकाइयों के कार्पोरेट कर दर में कमी की गई. चौथे, सुधार के तौर पर सरकार ने अर्थव्यवस्था के लिए रु. 21 लाख करोड़ के पैकेज की घोषणा की है जिसमें एमएसएमई क्षेत्र को ऋण दिए जाने हेतु रु. 3 लाख करोड़ का पैकेज भी शामिल है.

तीन तरफा समामेलन से उत्पन्न सह क्रियात्मकता (सिनर्जी)

दिनांक 1 अप्रैल, 2019 को पूर्ववर्त्ती विजया बैंक एवं देना बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा में समामेलन हो गया है. इस समामेलित इकाई अर्थात बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने संयुक्त परिचालन का 1 वर्ष पूरा कर लिया है. विगत 1 वर्ष के दौरान बैंक ने 'तीनों में सर्वोत्तम (बेस्ट ऑफ थ्री)' सिद्धांत के आधार पर बैंक के सभी उत्पादों एवं प्रक्रियाओं का सामंजस्य कर लिया है और ग्राहकों के लिए आवश्यक उत्पाद तैयार किया है. बैंक ने अपने साथ पूर्ववर्ती देना बैंक और विजया बैंक की भुगतान पद्धति का भी सफलतापूर्वक एकीकरण कर लिया है और अब आगे बैंक द्वारा निरंतर समामेलित संस्था की कार्यपद्धति को सामंजस्यपूर्ण और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक पहल किया जा रहा है.

शाखाओं के आंकड़ों का समेकन, शाखाओं का माइग्रेशन एवं अन्य सभी एप्लीकेशन के कार्य ने काफी प्रगति की है. बैंक द्वारा सभी शाखाओं के आंकड़ों के समेकन को वित्त वर्ष 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके साथ ही बैंक अपने साथ पूर्ववर्त्ती बैंकों का एकीकरण का कार्य पूरा कर चुका होगा.

समामेलन की पूरी प्रक्रिया 'ग्राहक केंद्रित' है. अपने ग्राहकों को न्यूनतम असुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु बैंक ने अत्यधिक सावधानी बरती है. नियमित तौर पर ग्राहकों के संपर्क में रहने के कारण अब तक इस इंटिग्रेशन कार्य के संबंध में कोई भी बड़ी शिकायत दर्ज नहीं हुई है.

व्यावसायिक - कार्यनिष्पादन

हमारे बैंक के व्यावसायिक - कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

संसाधन संग्रहण, ऋण विस्तार एवं परिचालन कार्यनिष्पादन

₹ करोड़

विवरण	**31.03.19***	**31.03.20**
जमा राशियां	6,38,689.7	9,45,985.4
जिसमें से - घरेलू जमा राशियां	5,17,966.6	8,08,706.5
अंतर्राष्ट्रीय जमा राशियां	1,20,723.2	1,37,278.9
घरेलू जमा राशियां	**5,17,966.6**	**8,08,706.5**
जिसमें से - चालू खाता जमा राशियां	34,327.6	49,651.1
बचत बैंक जमा राशियां	1,74,076.2	2,66,301.3
कासा जमा राशियां	2,08,403.8	3,15,952.4
घरेलू कासा जमा राशियां (%)	**40.2**	**39.0**
अग्रिम	**4,68,818.7**	**6,90,120.73**
जिसमें से - घरेलू अग्रिम	3,70,185.0	5,70,340.8
अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम	98,633.8	1,19,780.0
कुल आस्तियां	**7,80,987.4**	**11,57,915.5**

बैंक की समग्र कासा जमाओं ने 31 मार्च, 2020 को रु. 3 लाख करोड़ के मील स्तंभ को पार कर लिया और रु. 3.16 लाख करोड़ के स्तर तक जा पहुंची. बैंक ने वित्त वर्ष 2020 के दौरान 94.70 लाख नए कासा खाता खोले जिनमें अधिकांश पात्र खाते टैब बैंकिंग के माध्यम से खोले गए. बैंक ने अनेक नए उत्पादों की शुरुआत की है और ग्राहक अनुभव में बेहतरी हेतु प्रक्रियाओं में सुधार तथा उत्पाद संबंधी विशेषताओं को सुदृढ़ एवं आकर्षक बनाने हेतु अनेक नई पहलें आरंभ की है.

वित्त वर्ष 2020 के दौरान आरंभ किए गए उत्पादों में बड़ौदा प्लैटिनम बचत खाता, बड़ौदा सरकारी निकाय बचत खाता-सरकारी निकायों के लिए विशिष्ट खाता, रु. 40 लाख की अंतर्निहित व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवरेज की सुविधायुक्त बीएसएनएल/एमटीएनएल बचत खाता, एसईजेड एवं प्रोजेक्ट ऑफ़िस के लिए विदेशी मुद्रा चालू खाता, कारपोरेट, रियल स्टेट डेवलपर्स एवं सरकारी निकायों के लिए एस्क्रो चालू खाता, स्टार्ट अप की जरुरतों को पूरा करने हेतु स्टार्ट-अप इंडिया तथा स्केल अप इंडिया चालू खाता योजनाएं, प्रथम वर्ष में रु. 50,000 की व्यक्तिगत दुर्घटना कवरेज युक्त महिला शक्ति - महिला बचत खाता की शुरुआत है.

कासा जमाओं को बढ़ाने हेतु बैंक द्वारा की गई कुछ रणनीतिक पहलों में एमसीए पोर्टल के माध्यम से गठित नई कंपनियों के लिए तत्काल चालू खाता खोलने हेतु कारपोरेट कार्य मंत्रालय के साथ इंटीग्रेशन की व्यवस्था, भारतीय सेना के साथ वेतन एवं पेंशन खातों के लिए समझौता ज्ञापन तथा परिचालित चालू खाता खोलने के लिए मुंबई पुलिस के साथ प्रतिष्ठापूर्ण बैंकिंग संबंध कायम करना शामिल है. बैंक ने वैयक्तिक प्रोप्राइटरशिप के लिए टैब के माध्यम से चालू खाता खोलने की शुरुआत की है. बैंक ने अपने स्वास्थ्य बीमा संबद्ध बचत उत्पाद – बॉब सेहत सुरक्षा को आगे बढ़ाने का काम किया एवं इसके तहत 1.19 लाख खाते खोले. महिलाओं के बीच स्वास्थ्य बीमा की जागरूकता में बढ़ोतरी के उद्देश्य से बैंक ने अपने महिला बचत खाते– बॉब महिला शक्ति खाता के साथ स्वास्थ्य बीमा की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई है.

बैंक ने मौजूदा ग्राहकों से संबंध पुख्ता करने के लिए 'फिर एक मुलाकात' के नाम से एक व्यापक ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया एवं कार्यक्रम के तहत 3.8 लाख ग्राहकों से संपर्क किया गया. बैंक ने भारत सरकार के अटल टिंकरिंग लैब स्कीम के तहत प्राप्त अनुदानों के क्रियान्वयन के लिए 1163 से अधिक स्कूलों के खाते खोले.

बैंक अनेक डिपोजिटरी सेवाएं जैसे खाता रखरखाव, डिमैटरियलाइजेशन, बाजार अंतरणों के माध्यम से सौदों का निपटान, बाजार इतर अंतरण तथा अंतर डिपोजिटरी अंतरण, गैर–नकदी कारपोरेट लाभों का वितरण, नामांकन/प्रेषण इत्यादि उपलब्ध कराता है. वर्ष के दौरान बैंक ने 55,300 डिमैट खाते खोले हैं. बैंक, सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) साथ नेशनल सेक्यूरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का डिपोजिटरी भागीदार है.

ऋण विस्तार :

वित्त वर्ष 2020 के दौरान, 31 मार्च, 2020 तक कुल ऋण रू. 6,90,121 करोड़ हो गए, जबकि बैंक के घरेलू अग्रिम रू. 5,70,341 करोड़ हो गए. घरेलू अग्रिमों में वृद्धि मुख्यतः खुदरा ऋण एवं कृषि ऋण के कारण हुई. रिटेल ऋण बढ़कर रू. 1,20,657 करोड़ हो गया जो कि मुख्यतः गृह एवं ऑटो ऋणों में क्रमशः रू.83,012 करोड़ एवं रू. 16,490 करोड़ के कारण संभव हुआ. इसके साथ ही वर्ष के दौरान कुल घरेलू ऋणों में खुदरा ऋणों का अनुपात बढ़कर 19.8% हो गया. 31 मार्च, 2020 को अंतर्राष्ट्रीय ऋण बही 21.4% से बढ़कर रू.1,19,731 करोड़ हो गया.

बैंक की कुल आस्तियां 31 मार्च, 2020 को बढ़कर रू.11, 57,915 करोड़ हो गई

परिचालनगत कार्यनिष्पादन :

बैंक की परिचालनगत कार्यनिष्पादन संबंधी महत्वपूर्ण बातें निम्नानुसार हैं :

₹ करोड़

विवरण	31.03.2019	31.03.2020
अर्जित ब्याज	49,770.0	75,983.7
दिया गया ब्याज	31,290.3	48,532.4
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	**18,479.7**	**27,451.3**

विवरण	31.03.2019	31.03.2020
अन्य आय	6,294.5	10,317.3
जिसमें से – शुल्क आय	3,576.1	4,951.0
फॉरेक्स आय	693.2	1,016.1
ट्रेडिंग लाभ	989.5	2,750.7
पीडब्ल्यूओ से वसूली	832.0	1,531.8
गैर ग्राहक ब्याज आय	204.0	67.0
परिचालनगत आय (एनआईआई + अन्य आय)	24,774.2	37,768.6
परिचालनगत व्यय	**11,287.9**	**18,077.2**
कर्मचारी व्यय	5,039.1	8,769.5
अन्य परिचालनगत व्यय	6,248.9	9,307.7
परिचालनगत लाभ	**13,486.8**	**19,691.4**
प्रावधान	12,788.7	21,493.5
जिसमें से – एनपीए और बट्टे खाते में डाले गये अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	12,192.4	16,404.9
मानक अग्रिमों हेतु प्रावधान	(35.5)	3,085.0
निवेश पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधान	138.5	987.0
अन्य प्रावधान	493.3	(1,332.0)
कर पूर्व लाभ	**698.2**	**(1,802.1)**
कर हेतु प्रावधान	264.6	(2,348.3)
निवल लाभ	433.5	546.2

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	**31.03.2019**	**31.03.2020**
जमाराशियों की लागत –वैश्विक – (%)	4.68	4.98
जमाराशियों की लागत – घरेलू – (%)	5.33	5.39
जमाराशियों की लागत – अंतर्राष्ट्रीय – (%)	1.89	2.03
अग्रिम पर प्रतिफल –वैश्विक – (%)	7.65	7.99
अग्रिम पर प्रतिफल – घरेलू – (%)	8.67	8.82
अग्रिम पर प्रतिफल – अंतर्राष्ट्रीय – (%)	4.12	3.77
निवल ब्याज मार्जिन – वैश्विक – (%)	2.72	2.72
निवल ब्याज मार्जिन –घरेलू – (%)	2.93	2.84
निवल ब्याज मार्जिन –अंतर्राष्ट्रीय – (%)	1.71	1.34
लागत–आय अनुपात (%)	45.56	47.86
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) (%)	0.06	0.06
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	1.18	1.23

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर रू. 75,984 करोड़ हो गई. अग्रिमों पर वैश्विक प्रतिफल 7.65% से बढ़कर 7.99% हो गया और घरेलू अग्रिमों पर प्रतिफल 8.67% से बढकर 8.82% हो गया.

कुल ब्याज व्यय वित्त वर्ष 2020 में रू. 48,532 करोड़ रहा. घरेलू जमा राशियों की लागत 5.39% रही. अंतरराष्ट्रीय बहियों में जमा राशियों की लागत 1.89% से बढ़कर 2.03% हुई. बैंक की निवल ब्याज आय (एनआईआई)

वित्त वर्ष रू. 27,451 करोड़ के स्तर पर पहुंची. वैश्विक शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.72% पर स्थिर है.

बैंक का ट्रेजरी अभिलाभ रू. 2,751 करोड़ की वृद्धि के साथ अन्य आय भी बढ़कर रू. 10,317 करोड़ हो गई. बट्टाकृत खातों में वसूली रू.1,532 करोड़ के उच्च स्तर पर रही.

वित्त वर्ष 2020 में परिचालन व्यय बढ़कर रू. 18,077 करोड़ हो गया. वर्ष के दौरान कर्मचारी लागत रू. 8,770 करोड़ रही जबकि अन्य परिचालन व्यय रू. 9,308 करोड़ रहा. परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2020 के दौरान बैंक का परिचालन लाभ बढ़कर रू. 19,691 करोड़ हो गया. वित्त वर्ष 2020 में कुल प्रावधान (कर के अतिरिक्त) एवं आकस्मिकता बढकर रू. 21,493 करोड़ हो गया क्योंकि एनपीए पर प्रावधान बढ़कर रू.16,405 करोड़ हो गया. बैंक ने वित्त वर्ष 2020 में रू. 546 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया.

कार्पोरेट क्रेडिट

बैंक में कार्पोरेट ऋण सेवाएं, 14 कार्पोरेट वित्त सेवा शाखाओं (सीएफएस) द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं जो बैंक के कुल कॉर्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो के लगभग 77% हिस्से का प्रबंधन करती हैं. 31 मार्च, 2020 तक बैंक का कार्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो बढ़कर रू. 2,91,543 करोड़ हो गया.

कार्पोरेट क्रेडिट संवितरण की दिशा में नवीन दृष्टिकोण के साथ वित्त वर्ष 2020 के दौरान पोर्टफोलियो के जोखिम स्वरूप में सुधार दर्ज किया गया है जो कि घरेलू ऋण पोर्टफोलियो में निम्नानुसार रेटिंग डिस्ट्रिब्यूशन के निर्धारण से प्रतीत होता है :

क्रेडिट रेटिंग डिस्ट्रिब्यूशन*	31.03.19*	31.03.2020
ए एवं उससे ऊपर	60%	61%
बीबीबी	14%	19%
बीबीबी से नीचे	16%	15%
अनरेटेड	10%	5%

* रु. 5 करोड़ से अधिक के अग्रिम की बाह्य रेटिंग डिस्ट्रिब्यूशन

वित्तीय वर्ष 2020 में निवेश ग्रेड (बीबीबी एवं उससे अधिक) से युक्त कुल पोर्टफोलियो पिछले वर्ष में 74% की तुलना में 80% रहा. उच्च श्रेणी के खातों में एक्सपोजर से पूंजी प्रभार कम करने तथा पूंजी दक्षता बढ़ाने में मदद मिली है.

उन्नत ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक के पास अनेक उत्पाद एवं सेवाएं हैं:

- विक्रेता वित्तपोषण, डीलर वित्तपोषण तथा प्राप्य वित्तपोषण सहित सप्लाय चेन फायनांस.
- बड़ौदा डिजीनेक्स्ट अर्थात् नकदी प्रबंधन सेवाएं जिसमें दक्ष संग्रहण एवं एकीकृत भुगतान प्रणालियां शामिल हैं, के माध्यम से प्राप्यों तथा देयों के प्रबंधन की प्रणाली शामिल है.
- "यूसांस पेयेबल ऐट साइट" (यूपीएएस) एलसी जिसे क्रेता क्रेडिट उत्पाद के विकल्प के रूप में पेश किया जाता है, की शुरुआत. इससे शुल्क आधारित आय में वृद्धि हुई है.
- बाह्य परामर्शदाताओं पर निर्भरता कम करने, टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) में सुधार करने और बैंक की लाभप्रदता में सहयोग देने के लिए तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता की जांच के लिए इन-हाउस प्रोजेक्ट फायनांस डिवीजन.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कार्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो ने निम्नानुसार समामेलन का लाभ लिया है:

- कार्पोरेट वर्टिकल अकाउंट्स एक आईटी प्लेटफॉर्म (फिनेकल 10) में माइग्रेट हो चुके हैं. इसने प्रसंस्करण, रिपोर्टिंग तथा निगरानी का ऑटोमेशन संभव बनाया है. परिणामस्वरूप, समामेलित इकाई के सभी कार्पोरेट ऋणकर्ताओं के सप्लाय चेन फायनांस, वैल्यू चेन फायनांस नकदी प्रबंधन सेवाएं आदि जैसे नए उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध हो गई है.
- सभी ग्राहकों के लिए एक सार्वजनिक नीति विकसित करने हेतु एक व्यापक अभियान चलाया गया जिसमें तीनों बैंकों के सबसे लाभदायक एवं तर्कसंगत नियम तथा नीतिगत दिशानिर्देशों को अंगीकृत किया गया. इससे मूल्यांकन में सरलीकरण संभव हुआ. फलस्वरुप निर्णय लेने में लगने वाले समय में कमी आई.
- उपरोक्त के अतिरिक्त ऋणकर्ताओं को प्रतिस्पर्धी दरें प्रदान करने के लिए कीमतों को युक्तिसंगत बनाया गया. इससे उत्पादों एवं सेवाओं के उपयोग में बढ़ोत्तरी हुई.
- सभी बड़े कार्पोरेट खातों को विशेष कार्पोरेट क्रेडिट शाखाओं के माध्यम से सेवा प्रदान की जाती है जिसका परिणाम सेवाओं के मानकीकरण, बेहतर जोखिम प्रबंधन तथा त्वरित निर्णय लेने के रूप में आया है.

लक्ष्य बाजार दृष्टिकोण : वित्त वर्ष 2021

- कार्पोरेट प्रस्तावों के त्वरित निपटान हेतु बैंक की वित्त वर्ष 2021 के दौरान देश भर में चार एकीकृत सीएफएस (आईसीएफएस) शाखाएं स्थापित करने की योजना है. बैंक लक्ष्य बाजार दृष्टिकोण का अनुसरण करता है जिसकी निम्नलिखित विशेषताएं हैं:
- उद्योग आउटलुक आधारित विकास की दृष्टि से उद्योगों / क्षेत्रों की पहचान अर्थात् बाजार के आकार, विकास सूचकांकों, मांग-आपूर्ति दृष्टिकोण, लागत संरचना, प्रतिस्पर्धा, वित्तीय कार्यनिष्पादन, सरकार की नीतियों और निवेश की रूपरेखा सहित विभिन्न उद्योग मापदंडों का संयुक्त प्रतिफल.
- एक्सपोज़र कैप, मौजूदा एक्सपोज़र पर आधारित लक्ष्य बाजार ऋण देने हेतु क्षेत्रवार व्यवसाय योजना तथा चालू वित्त वर्ष के लिए नए अर्जन हेतु क्षमता बढ़ाना.
- व्यवसाय के अवसरों के निर्धारण, अनुमोदन एवं क्लोज़र हेतु सुव्यवस्थित कॉलिंग योजना के साथ सटीक खाता आयोजना.
- बैंक भर में समर्पित रिलेशनशिप प्रबंधकों के माध्यम से टार्गेट मार्केट अप्रोच के तहत व्यवसाय योजना का निष्पादन.
- बैंक सप्लाय चेन फायनांस, वैल्यू चेन फायनांस, सीएमएस सुविधा व अन्य खुदरा उत्पादों जैसी अनुषंगी सेवाएं उपलब्ध कराकर ब्याज आय की बजाय ग्राहक से प्राप्त समग्र आय पर अपना ध्यान केंद्रित करता है.

एमएसएमई क्रेडिट

31 मार्च, 2020 को एमएसएमई पोर्टफोलियो रू. 87,328 करोड़ रहा. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020 में 94,775 नए एमएसएमई ग्राहकों को जोड़ा है. ट्रेड रिसीवेबल्स इलेक्ट्रॉनिक डिस्काउंट सिस्टम (टीआरईडीएस) पर एमएसएमई को प्रतिस्पर्द्धी दरों पर कार्यशील पूंजी उपलब्ध करवाने के लिए बैंक ने तीनों टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म पर स्वयं को ऑनबोर्ड किया है. 31 मार्च 2020 को टीआरईडीएस व्यवसाय रु. 385 करोड़ रहा. 31 मार्च 2020 को सप्लाई चेन व्यवसाय, जिसका उद्देश्य एमएसएमई को कार्यशील पूंजी की आवश्यकता और चलनिधि सहयोग उपलब्ध कराना है, में रु. 721 करोड़ का बकाया रहा. यह पूर्ण डिजिटलीकृत सप्लाई चेन फायनांस उत्पाद द्वारा समर्थित हैं और इसने एमएसएमई ग्राहकों, विशेष तौर पर वेंडरों और ऐंकर कॉर्पोरेटों के आपूर्तिकर्ताओं को, ऋण स्रोत लिए एक नया माध्यम उपलब्ध कराया है.

बैंक द्वारा एमएसएमई क्षेत्र की सेवा में समर्पित 37 एमएसएमई प्रोसेसिंग कक्ष 'एसएमई लोन फॅक्ट्री' तथा लक्ष्य बाजार दृष्टिकोण के आधार पर एमएसएमई सेंगमेंट को सेवा देने वाली शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से सेवा दी जाती है. समामेलन के उपरांत तीनों संस्थानों के उत्पाद एवं प्रक्रियाओं में सामंजस्य स्थापित किया गया है ताकि मौजूदा एवं नए ग्राहकों को सेवा उपलब्ध कराई जा सके.

रोजगार सृजन के लिए मुद्रा योजना के अंतर्गत सरकार के प्रयासों में सहयोग प्रदान करते हुए बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने रु. 10,303 करोड़ का ऋण प्रदान किया है, जिससे वित्त वर्ष 2020 के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त हो पाया. स्टैंड अप इंडिया कार्यक्रम के शुभारंभ से अब तक बैंक ने योजना के अंतर्गत अजा, अजजा एवं महिला उद्यमियों को रु. 2,194 करोड़ की ऋण सहायता प्रदान की है. बैंक ने स्टैंड अप इंडिया के तहत 'बड़ौदा टैंकर्स स्कीम' नामक उत्पाद की शुरुआत एससी/एसटी ऋणकर्ताओं के लिए की एवं वित्त वर्ष 2020 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में प्रथम रहा. एमएसएमई को शीघ्र ऋण स्वीकृत किए जाने संबंधी भारत सरकार की पहल 'PSB loans in 59 minutes' पोर्टल के तहत बैंक सैद्धांतिक मंजूरी / अंतिम मंजूरी / संवितरण की दृष्टि से 31 मार्च 2020 को सभी पीएसबी में प्रथम स्थान पर रहा.

बैंक ने एमएसएमई ऋणकर्ताओं को बाधा रहित वित्त उपलब्ध कराने तथा गुजरात सरकार के पोर्टल के तहत प्राथमिक बैंक बनने के लिए गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए.

बैंक ने भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत नए उद्यमों/ उद्यमियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 15 स्टार्टअप शाखाएं खोली हैं.

इसके अतिरिक्त, बैंक के पास एसएमई क्लस्टरों को वित्तपोषित करने के लिए 11 क्षेत्र विशेष योजनाएं हैं. इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक में एमएसएमई इकाइयों को सुविधा उपलब्ध करवाने वाले उत्पादों की कुल संख्या बढ़कर 30 हो गई. बैंक ने रु. 25 लाख से अधिक और रु. 5 करोड़ से कम के ऋण जोखिमों वाले एमएसएमई उद्यमों के लिए सिबिल एमएसएमई रैंक (सीएमआर) आधारित मूल्य निर्धारण नामक नई मूल्य निर्धारण नीति को अपनाया है जिससे एमएसएमई उद्यमों को प्रतिस्पर्द्धी दरों पर बैंक वित्तपोषण प्राप्त होना संभव हो पाया है. नई व्यवसाय संभावनाओं तक पहुंचने और एनबीएफसी की तुलना में कम ब्याज दरों का लाभ प्रदान करने के लिए बैंक ने विभिन्न एनबीएफसी के साथ सह प्रवर्तन समझौते में प्रवेश किया है.

एमएसएमई खंड के लिए वाणिज्यिक वाहनों एवं निर्माण एवं खनन उपकरणों को वित्तपोषित करने के लिए बैंक ने एमएसएमई ऋण फैक्ट्री में एक समर्पित टीम तैयार की है. इस उद्देश्य से, वाणिज्यिक वाहनों के क्षेत्र में नया व्यवसाय प्राप्त करने के लिए बैंक ने टाटा मोटर फायनांस लिमिटेड एवं एसआरईआई के साथ नीतिगत गठबंधन किया है. इसके अलावा बैंक ने एक नई योजना 'वैल्यू चैन फायनांस' जो विशेष रूप से अधिकतम रु. 2000 करोड़ के टर्नओवर वाली कंपनियों के लिए बनाई गई है, के अंतर्गत ग्राहकों को ऑनबोर्ड किया है।

एमएसएमई बाजार खंड तक अपनी बेहतर पहुंच बनाने के लिए बैंक ने एसएमई लोन फैक्ट्रियों, अंचलों, क्षेत्रों एवं कार्पोरेट कार्यालय में बिक्री एवं ऋण प्रोसेसिंग के लिए एक अलग विशेष समर्पित टीम का गठन किया है. बैंक ने वित्त वर्ष 2020 के दौरान 'ग्राहक संपर्क कार्यक्रम' में प्रतिभागिता की एवं अभियान के तहत 27 जिलों में दो चरणों में शिविर आयोजित किए. बैंक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रवर्तित 'एक जिला एक उत्पाद' जैसी योजनाओं में भी प्रतिभागिता कर रहा है. बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा राज्य विशिष्ट सरकारी प्रायोजित योजनाओं के आवेदनों पर बाधारहित कार्रवाई के लिए सरकारी योजना प्रसंस्करण कक्ष (जीएसपीसी) की भारत भर में स्थापना की है.

रिटेल ऋण

बैंक का रिटेल पोर्टफोलियो 31 मार्च, 2020 को बढ़कर रू. 1,20,657 करोड़ हो गया. घरेलू अग्रिमों में रिटेल ऋणों का हिस्सा 31 मार्च 2019 के 18.3% की तुलना में बढ़कर एक 31 मार्च, 2020 को 19.8% हो गया. यह ग्राहकों को बाधारहित तरीके से ऋण प्रदान करने के बैंक के निरंतर प्रयासों के कारण संभव हो पाया है.

बैंक ने शिक्षा ऋण के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा ऋण संवितरण के आबंटित लक्ष्य को 99.47% हासिल किया. हालांकि शिक्षा ऋण के बाजार में (–) 3.30% का संकुचन आया है. बैंक ने वर्ष दर वर्ष आधार पर 16.13% की वृद्धि दर्ज की है. 'जागो ग्राहक अभियान' के तहत उपभोक्ता मामले मंत्रालय द्वारा समर्थित संगठन कंज्यूमर वायस द्वारा बैंक को शिक्षा ऋण के लिए ग्राहकों को श्रेष्ठ वित्तपोषक विकल्प निर्धारित किया गया.

देश में पीएसयू बैंकों के पहले त्रिस्तरीय समामेलन के संबंध में उत्पाद एवं प्रक्रियाओं की दृष्टि से 'तीनों में श्रेष्ठ के' दृष्टिकोण को अपनाया गया. इससे अनेक नए उत्पादों जैसे कि सुविधा पर्सनल लोन, विशेष टेक ओवर योजना तथा ग्राहकों को पूर्व अनुमोदित ऋण भी उपलब्ध हो गए. इसके अतिरिक्त परिचालन इकाइयों को वित्त वर्ष 2020 में लोन मैनेजमेंट सिस्टम (एलएलपीएस) उपलब्ध कराया गया जिससे ऋण मूल्यांकन प्रक्रिया का मानकीकरण हुआ और टीएटी में सुधार आया.

वित्तीय वर्ष 2020 में रिटेल कारोबार के क्षेत्र में की गई प्रमुख पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं :-

- विभिन्न स्थानों पर विशेषीकृत और तत्काल रूप से क्रेडिट डिलीवरी हेतु 14 नए विशेषीकृत मोर्टगेज स्टोर खोलना और 10 एसएमएस को

नई जगह स्थापित करना, जिससे एसएमएस की कुल संख्या 31 मार्च 2020 को 99 हो गई है.

- टैब बैंकिंग के माध्यम से पूर्णतया डिजिटलीकृत रूप से पूर्व -अनुमोदित ऋण (वैयक्तिक ऋण/ कार ऋण) उपलब्ध करना
- सभी रिटेल ऋण उत्पादों में बाह्य बेंचमार्क (रेपो-रेट) के साथ लिंकेज के माध्यम से कीमतों को युक्तिसंगत बनाना. इससे ग्राहकों को पॉलिसी दरों को तत्काल अंतरित करने में सफलता मिली है.
- क्रेडिट इंश्योरेंस अटैचमेंट अनुपात में 50% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि, जिसके फलस्वरूप पोर्टफोलियो के साथ-साथ जीवन की अनिश्चितताओं से उधारकर्ता के परिवार के सदस्यों को भी सुरक्षित किया गया.
- डिजिटल प्रत्यक्ष विक्रय एजेंटों को पैनल में शामिल करने संबंधी संकेन्द्रित दृष्टिकोण

ग्रामीण और कृषि ऋण

बैंक के पास ग्रामीण क्षेत्रों में 2,934 और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में 2,525 शाखाओं का नेटवर्क है जो प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कृषि क्षेत्र को ऋण के लिए लाभप्रद है. वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान, बैंक का कृषि अग्रिम 31 मार्च, 2020 को बढ़कर रु. 87,921 करोड़ हो गया.

बैंक 3 राज्यों में उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) और 1 केंद्र शासित प्रदेश अर्थात दादरा और नगर हवेली के नए केंद्र शासित प्रदेश तथा दमन और दीव में केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति (यूटीएलबीसी) का संयोजक है और पूरे देश के 67 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है.

बैंक कृषि क्षेत्र को ऋण देने में अग्रणी बना हुआ है जिसे वित्तीय वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के सरकार के लक्ष्य से और गति मिली है. छोटे किसानों और समुदायों के लिए बैंक सामान्य कृषि ऋण प्रदान करने से आगे बढ़कर व्यापक ऋण की नीति पर कार्य करते हुए सभी ग्रामीण ग्राहक वर्ग के लिए कृषि यांत्रिकीकरण, बागवानी ऋण, गोदाम रसीद के पेटे वित्त पोषण, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को वित्तपोषण, खाद्य और कृषि प्रसंस्करण और समुदाय आधारित ऋण मॉडल अपना रहा है.

वर्ष के दौरान बैंक ने 3.76 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं. बड़ौदा किसान रुपे कार्ड जोकि एटीएम समर्थित स्मार्ट कार्ड है, 18.11 लाख किसानों को जारी किए गए.

अपनी सूक्ष्मवित्त पहल के रूप में बैंक ने रु. 1093 करोड़ की ऋण स्वीकृति द्वारा 56,367 स्वयं सहायता समूहों को लिंक किया.

कृषि ऋणों के प्रोसेसिंग के लिए केंद्रीकृत प्रोसेसिंग केंद्र (सीपीसी) ने गांधीनगर और हैदराबाद में कार्य आरंभ किया है.

दिनांक 21 सितंबर 2019 को बैंक द्वारा बड़ौदा किसान के रूप में एक अनूठी पहल आरंभ की गई. यह डिजिटल प्लैटफॉर्म महत्वपूर्ण संस्थानों के साथ भागीदारी में किसानों की सभी प्रमुख आवश्यकताओं जैसे नोटिफिकेशन, मौसम पूर्वानुमान की सूचना, फसल स्वास्थ्य, मिट्टी की नमी, कीट संक्रमण की जानकारी, मंडी में कीमतें, फसल संबंधी विशेष सलाह, (बीज, खाद, कीटनाशक), निविष्टियों की खरीद, किराए पर उपकरण लेने संबंधी सलाहकार सेवाएं और कृषि उपज की बिक्री के लिए नवोन्मेषी वित्तपोषण विकल्पों को पूरा करने के लिए एकल समाधान बनने का लक्ष्य रखता है.

ग्राहक संपर्क को बढ़ाने के लिए समग्र देश में दिनांक 1 अक्टूबर 2019 से 15 अक्टूबर 2019 के दौरान बड़ौदा किसान पखवाड़ा- एक पखवाड़े तक चलने वाला किसान संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया और दिनांक 16 अक्टूबर 2019 को बड़ौदा किसान दिवस मनाते हुए इसका समापन किया गया. इस पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में 6 लाख से अधिक किसानों ने सक्रिय सहभागिता की और रु. 2229 करोड़ की ऋण राशि 1,39,893 खातों में संवितरित की गई.

वित्तीय वर्ष 2020 में बड़ौदा किसान पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों एवं संपर्क किए गए किसानों के विवरण निम्नानुसार हैं:

मद सं	विवरण	संख्या
1.	आयोजित चौपाल की संख्या	13,385
2.	चौपाल में सहभागियों की संख्या	3,56,056
3.	किसान मेला (क्रेडिट कैम्प)/ मेगा किसान मेला की संख्या	1079
4.	स्वास्थ्य कैम्पों (मिट्टी/जानवर/किसान) की संख्या	745
5.	किसानों की बैठक (चौपाल के अलावा)	6135
6.	किसानों की संख्या में वृद्धि	28,311
7.	संपर्क किए गए कुल किसान	6,11,779

लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड द्वारा बड़ौदा किसान पखवाडा के माध्यम से किसानों से जुड़नेवाली इस पहल को देश में किसी भी बैंक द्वारा अधिकतम किसानों से जुड़ने वाले कार्यक्रम के रूप में प्रतिष्ठा प्रदान की गई है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण

बैंक के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण 31 मार्च, 2020 को रु. 2,26,336 करोड़ हो गया. बैंक प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण और इसके अन्य उप-घटकों के अनिवार्य स्तर से काफी ऊपर है. बैंक ने दिनांक 31 मार्च 2020 को 'लघु और सीमांत किसान और कमजोर वर्ग को अग्रिम' के अंतर्गत अनिवार्य लक्ष्यों को प्राप्त किया है.

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों को ऋण

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों को बकाया ऋण 31 मार्च, 2020 को 11,106 करोड़ हो गया. बैंक द्वारा कमजोर वर्गों को मंजूर किए गए. अग्रिम का 17.06% शेयर अनु.जाति/ अनु. जनजातियों को प्रदान किया गया.

इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), मुद्रा ऋण, स्टार्ट-अप इंडिया एवं स्टैंड-अप इंडिया जैसी विभिन्न प्रकार की सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों के वित्त पोषण के लिए बैंक द्वारा विशेष बल दिया गया. इस वर्ष के दौरान, बैंक ने महिला सशक्तिकरण मिशन को आगे बढ़ाने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों को वित्त उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न राज्यों की राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के साथ करार किया है.

वित्तीय समावेशन (एफआई)

किफायती लागत पर समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण, अर्द्ध शहरी और शहरी गरीबों, को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ने वित्तीय समावेशन को सामाजिक बचनबद्धता के रूप में और कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के माध्यम से कारोबार प्राप्त करने के लिए एक अवसर के रूप में अपनाया है. बैंक अपनी शाखा और बीसी नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है. तकनीक के आगमन के साथ बैंक रहित क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए अभिनव कदम उठाए जा रहे हैं. बैंक ने देश भर में ग्रामीण, अर्द्ध शहरी और शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए 18000 से अधिक बीसी नियुक्त किए हैं.

बैंक ने वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित पहलें आरंभ की है:

- विभिन्न चैनलों जैसे कि मिस्ड कॉल/ नेट बैंकिंग/ मोबाइल बैंकिंग/ एसएमएस/ बीसी/ शाखा के माध्यम से माइक्रो इंश्योरेंस नामांकन.
- महिला ग्राहकों द्वारा पीएमजेडीवाई खातों के प्रयोग को बढ़ाने के लिए महिला विश्व बैंकिंग, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के साथ समझौता ज्ञापन और शहरी पीएमजेडीवाई महिला ग्राहकों में बचत आदत को बढ़ाने और बेहतर जुड़ाव के लिए बड़ौदा जन धन प्लस योजना का शुभारंभ.
- बीसी केन्द्रों पर विभिन्न सेवाओं जैसे कि पासबुक मुद्रित करना, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण) जारी करना, भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) के माध्यम से भुगतान, चेक बुक प्राप्त करने के लिए अनुरोध करना, चेक स्थिति की जानकारी, चेक का भुगतान रोकना, रुपे डेबिट कार्ड के लिए अनुरोध हेतु व्यवस्था की गई.

वित्तीय समावेशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020 के महत्वपूर्ण कार्य निष्पादन

- बेसिक बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खातों में रु. 41.20 लाख से वृद्धि हुई है और जमाराशियाँ रु. 3758 करोड़ हो गई.
- पीएमजेडीवाई खातों में 410.62 लाख से वृद्धि हुई है और पीएमजेडीवाई जमाराशियों में रु.14294 करोड़ से बढ़ोतरी हुई है.
- बैंक की 31 मार्च 2020 को बैंक की पीएमजेडीवाई खातों की संख्या में 13.45% और पीएमजेडीवाई खातों के अंतर्गत जमाराशियों में 14.75% की बाजार हिस्सेदारी रही.
- 31 मार्च 2020 को बैंक में शून्य शेष वाले पीएमजेडीवाई खातों के अंश को घटाकर 7.88% पर लाया गया.
- पिछले वर्ष की तुलना में 44.40 लाख की वृद्धि के साथ माइक्रो इंश्योरेंस में संचयी नामांकन 212.69 लाख हो गए हैं.
- वर्ष के दौरान पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत 7.8 लाख और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत 31.49 लाख नए नामांकन किए गए.
- बैंक ने वर्ष के दौरान 5.74 लाख खाते खोलकर 5.62 लाख अटल पेंशन योजना (एपीवाई) खातों के वार्षिक लक्ष्य को पार कर लिया है.

वर्ष के दौरान 935 केंद्रों के निर्धारित संख्या के समक्ष 998 आधार नामांकन केंद्र की स्थापना गई की है. बैंक ने यूआईडीएआई दिशानिर्देशों के अनुसार वर्ष भर में न्यूनतम नामांकन/ अद्यतन के प्रति दिन प्रति शाखा के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

बैंक ने तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को प्रायोजित किया है: बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक तथा बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक. तीनों आरआरबी का समग्र व्यवसाय 31 मार्च, 2020 को रु. 76,278 करोड़ रहा. तीनों आरआरबी ने समेकित रूप से वित्तीय वर्ष 2020 में रु. 166 करोड़ का लाभ दर्ज किया. तीनों आरआरबी की समेकित निवल संपत्ति 31 मार्च, 2020 को रु. 3038 करोड़ हो गई है.

भारत सरकार की अधिसूचना संख्या एफ संख्या 7/8/2017 आरआरबी (गुजरात) दिनांक 22 फरवरी 2019 के संदर्भ में दिनांक 1 अप्रैल 2019 से बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक और देना गुजरात ग्रामीण बैंक के समामेलन को प्रभावी किया गया है और नई संस्था बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक ने अंतरिती के रूप में कार्य आरंभ कर दिया है.

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

हमारे बैंक की 21 देशों में 101 विदेशी शाखाएं/ कार्यालय हैं जिनमें 13 देशों में 35 विदेशी शाखाएं, 1 मोबाइल यूनिट और 9 इलेक्टॉनिक बैंकिंग सेवा यूनिट, विदेशी अनुषंगियों की 55 शाखाएं और गिफ्ट सिटी (एसईजेड), गांधीनगर, गुजरात, भारत में है जो विशेष रूप से विदेशी मुद्रा का कारोबार करते हैं. इसके अलावा, बैंक का एक संयुक्त उद्यम मलेशिया में इंडिया इंटरनेशल बैंक (मलेशिया) बीएचडी है और एक सहयोगी बैंक जांबिया में इंडो जांबिया बैंक लि. है जिसकी 30 शाखाएं हैं. वर्ष के दौरान, बोत्सवाना में बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अर्थात बैंक ऑफ बड़ौदा (बोत्सवाना) लिमिटेड ने पलापें में एक नई शाखा खोली है.

बैंक की न्यूयॉर्क, लंदन, सिंगापुर, ब्रसेल्स और दुबई में आदि विश्व के प्रमुख वित्तीय केंद्रों पर उपस्थिति है. अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में हमारा बैंक भारतीय कॉर्पोरेट्स की अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करके, भारतीय और स्थानीय रूप से निगमित कंपनियों/ फर्मों के लिए इंडिया– लिंक्ड क्रॉस बार्डर व्यापार प्रवाह आवश्यकताओं को पूरा करके और एनआरआई/ भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए पसंदीदा बैंक बनकर संवृद्धि और मूल्यवर्धन की नीति अपना रहा है. बैंक अपने अंतर्राष्ट्रीय परिचालन को नए वैश्विक परिवेश के अनुरूप निरंतर समेकित और पुनर्गठित कर रहा है और जोखिम प्रबंधन, कम अर्जन वाली आस्तियों पर ध्यान कम देने और लाभप्रदता में वृद्धि के उद्देश्य से पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया है.

वित्तीय वर्ष 2018 से बैंक ने व्यापक मूल्यांकन फ्रेमवर्क के आधार पर रणनीतिक दृष्टि से अपनी विदेशी उपस्थिति को युक्तिसंगत बनाया है. यह इस संबंध में भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप भी है. बैंक ने चीन और दक्षिण अफ्रीका में अपनी शाखाओं को बंद करने का फैसला किया है और त्रिनिदाद और टोबैगो में सहायक कंपनियों में अपने पूरे निवेश को विभाजित कर दिया है. बैंक ने हांगकांग में अपनी शाखा को बंद करने और बाद में एक प्रतिनिधि कार्यालय स्थापित करने का भी प्रस्ताव दिया है.

31 मार्च, 2020 तक समामेलन के पश्चात अंतर्राष्ट्रीय शाखाओं से बैंक का कुल व्यवसाय रु. 2,57,010 करोड़ रहा जो वैश्विक व्यवसाय का 15.71%

रहा. कुल जमाराशियां रु. 1,37,279 करोड़ रहीं जबकि निवल अग्रिम रु. 1,19,731 करोड़ रहा.

ट्रेजरी परिचालन

हमारा बैंक मुंबई में स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में स्थापित अत्याधुनिक डीलिंग रूम से ट्रेजरी परिचालनों का संचालन करता है. ट्रेजरी विभिन्न बाजारों जैसे विदेशी विनिमय, ब्याज आय, स्थायी आय, मुद्रा बाजार, डेरिवेटिव्स, इक्विटी, मुद्रा एवं ब्याज दर फ्यूचर्स एवं अन्य वैकल्पिक आस्तिश्रेणियों में प्रमुख भूमिका निभा रही है. बैंक आधुनिक डीलिंग पद्धतियों और पूरे देश में विदेशी मुद्रा में डीलिंग करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से ब्याज दर अदला-बदली, मुद्रा स्वैप, मुद्रा विकल्प और वायदा संविदा जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रहा है.

ट्रेजरी बैंक की निधि के प्रबंधन और इनकी सुरक्षा, तरलता और इनका इष्टतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए कार्य करता है. यह सांविधिक प्रारक्षित निधि की आवश्यकताओं की देखरेख करता है और निधि प्रबंधन कार्यों के एक भाग के रूप में कॉरपोरेट बॉन्ड, वाणिज्यिक पत्र, इक्विटी, उद्यम पूंजी, म्यूचुअल फंड आदि में निवेश करता है.

31 मार्च, 2020 को बैंक की घरेलू निवेश बही का आकार रु. 2,65,016 करोड़ रहा. कुल निवेश में एसएलआर प्रतिभूतियों का शेयर 83.46% रहा. 31 मार्च, 2020 को एनडीटीएल के सापेक्ष एसएलआर प्रतिभूतियां (भारमुक्त) 22.58% रहीं.

बैंक ने बाजार में अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रभावी रूप से निपटने में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया है. बैंक यील्ड मूवमेंट द्वारा उपलब्ध कराए गए अवसर को भुनाने में सक्षम रहा है. बैंक ने अपने पोर्टफोलियो को कुशलता से प्रबंधित किया है और 31 मार्च, 2020 तक ब्याज-युक्त निवेश पर 8.43% (बिक्री पर लाभ सहित) औसत लाभ बनाए रखा है. वित्त वर्ष 2020 के दौरान बैंक द्वारा निवेश की बिक्री पर लाभ और विदेशी मुद्रा आय क्रमशः रु. 2751 करोड़ और रु. 746 करोड़ रही है.

महामारी के कारण लॉकडाउन अवधि के दौरान निर्बाध व्यावसायिक परिचालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न आकस्मिक उपाय किए गए हैं. एक स्थान पर ट्रेजरी के कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) के अतिरिक्त मुंबई में अतिरिक्त दो अस्थायी स्थान और मुंबई में पूर्ण शटडाउन से निपटने के लिए गुजरात में एक वैकल्पिक सेटअप भी तैयार किया गया. कर्मचारियों को रिमोट एक्सेस प्रदान किया गया जिससे ट्रेजरी के बैक और फ्रंट ऑफिस के सभी कार्य कवर हो गए. अतः इन सेटअप के साथ संपूर्ण ट्रेजरी परिचालन को सफलतापूर्वक और कुशलतापूर्वक चलाया गया.

सरकारी कारोबार

सरकारी कारोबार में कारोबार वृद्धि और कासा एवं शुल्क आधारित आय में उल्लेखनीय रूप से योगदान करने की बड़ी संभावना है.

बैंक अपनी नामित शाखाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष कर संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और विधि कार्य मंत्रालय का यह एक मान्य सहयोगी बैंकर है. बैंक ने राज्य सरकार के कारोबार में अधिक से अधिक हिस्सेदारी प्राप्त करने और सेवाओं और उत्पादों के शीघ्र वितरण के लिए राज्य सरकार में विभिन्न विभागों के साथ अच्छे संपर्क बनाने के लिए विभिन्न राज्यों में सरकारी विभागों में रिलेशनशिप मैनेजर को तैनात किया है. बैंक को मध्य प्रदेश सरकार ने पीएम किसान के लिए प्रायोजक बैंक के रूप में नियुक्त किया था.

बैंक भारत सरकार की डिजिटल पहल के अनुरूप केंद्र और राज्य स्तर पर कई विभागों के साथ ई-समाधान उपलब्ध कराने के लिए साझेदारी कर रहा है जिससे पारदर्शिता एवं कार्यक्षमता में तेजी आई है. नए व्यावसायिक अवसर बढ़ाने के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, नौपरिवहन मंत्रालय - हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स, नोएडा प्राधिकरण, रेझरपे और वेतन एवं पेंशन खातों के लिए भारतीय थलसेना (आर्मी) के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किया गया है.

दीनदयाल उपाध्याय कांडला पोर्ट के अलावा, बैंक ने हल्दिया, पारादीप और विशाखापट्टनम में बंदरगाहों के साथ पोर्ट कम्युनिटी सिस्टम (पीसीएस) के साथ भी समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किया है.

बैंक को भारत सरकार के राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा पीपीएफ, एसएसए और एससीएसएस में किए गए सर्वोत्तम कार्य के लिए एवं एपीवाई तथा एनपीएस के अंतर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पेंशन निधि विनियामक विकास प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त हुई है.

धन संपदा प्रबंधन

धनसंपदा प्रबंधन बैंक के महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक रहा है एवं तद्नुकूल ग्राहकों को निवेश तथा बीमा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं. समामेलन के उपरांत पूर्ववर्ती देना बैंक एवं विजया बैंक के ग्राहक भी बैंक द्वारा अपने कारपोरेट भागीदार के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली मूल्यवर्धित सेवाओं का लाभ उठाने में सफल रहे. बैंक ग्राहकों की सभी जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्रवाई कर रहा है. बैंक का प्रतिष्ठित कार्यक्रम 'बडौदा रेडियंस' रिलेशनशिप प्रबंधकों की समर्पित संरचना के माध्यम से उच्च मूल्य वाले ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है. बैंक अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ समाधान एवं सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखता है. इस हेतु बैंक डिजिटल समाधानों को विकसित कर रहा है. वर्ष के दौरान की गई कुछ पहले निम्नानुसार हैं:

1. रेडियंस कार्यक्रम के बाहर के ग्राहकों को निवेश तथा सीमा सेवाएं प्रदान करने हेतु बैंक ने वर्ष के दौरान वैल्थ एक्जेक्यूटिव की विशेषज्ञ टीम की बहाली की है.
2. बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात बडौदा वेल्थ सोल्यूशन का विकास एवं परिष्कार ताकि निवेश एवं बीमा उत्पादों के संबंध में ग्राहकों की सुगमतापूर्ण ऑनलाइन बोर्डिंग/ वितरण संभव हो सके.
3. वित्त वर्ष 2020 के दौरान 97096 जीवन बीमा पॉलिसी जारी करना.
4. वर्ष के दौरान 3.26 लाख ग्राहकों को स्वास्थ्य बीमा उत्पाद की व्यवस्था.
5. आकस्मिकता (जीवन या गंभीर बीमारी) के संबंध में रिटेल ऋणकर्ताओं को ग्रुप क्रेडिट लाइफ एवं 'ग्रुप क्रेडिट केयर' उपलब्ध कराना.

दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन

पिछले कुछ वर्षों से अनर्जक ऋणों में बढ़ोतरी के साथ बैंक ने वसूली बढ़ाने और स्लिपेज घटाने की अपनी नीति में सुधार किया है. इसके लिए बैंक ने

"दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल" का गठन किया है, जहां सभी बड़े और मध्यम आकार वाले एनपीए खाते और सभी सरफेसी पात्र खातों को अंचल और क्षेत्रीय स्तर पर स्थापित दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा (एसएआरबी) नामक विशेषीकृत इकाइयों द्वारा संभाला जाता है. ये विशेषीकृत शाखाएं कॉर्पोरेट कार्यालय के प्रत्यक्ष नियंत्रण में आती हैं. पिछले दो वर्षों के दौरान एनपीए की स्थिति निम्नानुसार है :

रु. करोड़

विवरण	**31.03.19***	**31.03.20**
सकल एनपीए	48,233	69,381
सकल एनपीए (%)	9.61	9.40
निवल एनपीए	15,609	21,577
निवल एनपीए (%)	3.33	3.13
एनपीए में जोड़	13,614	23,315
वसूली/ उन्नयन	8,759	7,972
टीडबल्यूओ सहित बट्टे खाते	13,102	15,806
बट्टे खातों में वसूली	832	1,532
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित) (%)	78.68	81.33
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ को छोड़कर) (%)	67.64	68.90

आस्ति वर्गीकरण के अनुसार, ऋण बही का विभाजन निम्नानुसार है:

आस्ति की वर्गीकरण	31.03.19*	31.03.20
मानक अग्रिम	4,53,473	6,68,715
सकल एनपीए	48,233	69,381
कुल सकल अग्रिम	5,01,706	7,38,096
सकल एनपीए जिसमें सम्मिलित है		
अवमानक	9,014	14,311
संदिग्ध	32,398	37,005
हानि	6,821	18,065
कुल सकल एनपीए	48,233	69,381

बड़ी संख्या में लघु एनपीए खातों के निपटान के लिए, बैंक ने क्षेत्रवार विशेष ओटीएस योजनाओं की शुरूआत की है. एमएसएमई क्षेत्र के लिए, बैंक ने बकाये की चुकौती के लिए अवसर प्रदान करने हेतु विशेष ओटीएस योजना "एमएसएमई ओटीएस योजना" की शुरूआत की है. संकट में किसानों के लिए वित्त वर्ष 2020 के दौरान एक विशेष ओटीएस योजना की शुरूआत की गई है. बैंक ने अपनी पूर्ववर्ती ओटीएस योजना लक्ष्य II (लक्ष्य कृषि, खुदरा और एमएसएमई) जारी रखा है. बैंक ने इन योजनाओं के तहत रु. 1,296 करोड़ की राशि की वसूली तथा एनपीए खातों को अपग्रेड किया है. ''वन टाइम सेटलमेंट ट्रेकिंग सिस्टम'' के नाम से एक एप्लिकेशन को लागू किया गया था जिसमें ग्राहक द्वारा निपटान संबंधी कार्रवाइयों को ऑनलाइन आरंभ किया जा सकता है. बैंक ने वसूली कार्रवाइयों और त्वरित निर्णय में सहायता हेतु रियल टाइम ट्रेकिंग के लिए लीगल वार-रूम भी स्थापित किया है जिसमें हाई वैल्यू वाद-दाखिल खातों की निगरानी की जाती है.

बैंक ने बड़े एनपीए खातों के अर्थात् रु. 30 करोड़ से ज्यादा के एक्सपोजर वाले, के लिए रिजोल्यूशन कार्यनीति उपलब्ध कराने के लिए समाधान प्रदाता सेल की स्थापना की है. बहुभाषी सपोर्ट के साथ खुदरा और एसएमई क्षेत्र के ग्राहकों से समय पर वसूली के लिए 500 सदस्यों वाला कॉल सेंटर स्थापित किया गया तथा यह ऑन-ग्राउंड कलेक्शन के लिए फीट-ऑन-स्ट्रीट स्टाफ द्वारा समर्थित है. लघु खातों में एनपीए और संभावित एनपीए वसूली के लिए बैंक के लगभग 2300 अधिकारियों का एक विशेष कार्यदल गठित किया गया है. इसके अतिरिक्त, फसल ऋण की वसूली के लिए व्यवसाय प्रतिनिधियों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है.

बैंक ने स्लिपेज को कम करने और वसूली में वृद्धि के लिए डेज़ पास्ट ड्यू (डीपीडी) रिपोर्ट, एनपीए मूवमेंट चार्ट और फॉरकास्टिंग डिग्रेडेशन के लिए मोक रन जैसे दैनिक डैशबोर्ड के साथ एनपीए प्रबंधन को मजबूत बनाया है. इसके अतिरिक्त, बैंक एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करने की प्रक्रिया में है जो सिस्टम में दर्ज डेटा के आधार पर वसूली एजेन्टों को फील्ड में वसूली करने के लिए सक्षम बनाएगा और वसूली विवरण भी अद्यतन करेगा.

इसके साथ-साथ, बैंक ने गैर-निष्पादक आस्तियों की वसूली को आसान बनाने के लिए निरंतर आधार पर निम्नलिखित उपायों को स्थापित किया है:

- दैनिक आधार पर कानूनी मामलों के फॉलो-अप के लिए प्रत्येक डीआरटी में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करना ताकि न्यायिक आदेश प्राप्त करने और आदेश पर कार्रवाई करने में कम से कम देरी और अधिकतम वसूली हो सके.
- आधिकारिक लिक्विडेटर (ओएल) के साथ चर्चा करने के लिए अधिवक्ताओं/ परामर्शदाताओं से सहायता लेना, ताकि ओएल द्वारा राशियों की वसूली वास्तविक रूप से की जा सके.
- आधिकारिक लिक्विडेटरों के साथ विचार-विमर्श, शाखाओं में वसूली कैंपों का आयोजन, सभी स्तरों पर दबावग्रस्त खातों एवं वसूली एजेन्टों की कड़ी निगरानी और विशेषकर डीआरटी वाद दाखिल एनपीए खातों में मासिक ई-नीलामी.
- ओटीएस मंजूरी में टीएटी को कम करने के लिए ऑनलाइन ओटीएस प्लेटफॉर्म का बेहतर उपयोग.
- सरफेसी अधिनियम के तहत बैंक के भौतिक कब्जे वाली संपत्तियों की लिस्टिंग के लिए मैजिक ब्रिक्स के साथ टाई अप किया गया.
- बैंक के कब्जे वाली संपत्तियों की बिक्री के लिए ग्राहक खोजने हेतु रियल स्टेट ब्रोकर को सूचीबद्ध किया गया.
- बैंक ने विशेष रूप से एनसीएलटी और हाई वैल्यू एनपीए खातों के लिए पांच नई दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखाएं (एसएएम) स्थापित करने का प्रस्ताव किया है.

डिजिटल रूपान्तरण

बैंक डिजिटलीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और डिजिटल चैनलों पर लेनदेन को स्थानांतरित करने के लिए लगातार प्रयास करता रहा है जिससे ग्राहक अनुभव बेहतर हो. डिजिटल बैंकिंग का प्रमुख लक्ष्य ग्राहकों को बैंक के उत्पादों

डिजिटल और वैकल्पिक वितरण चैनलों जैसे, भीम बड़ौदा पे, बड़ौदा एम-कनेक्ट प्लस, बड़ौदा कनेक्ट, डेबिट कार्ड, भीम आधार, मल्टी-फंक्शन किओस्क, सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर, टैब बैंकिंग, आईपीजी, भारत बिल पेमेंट सिस्टम, आदि उपलब्ध कराना है.

बैंक ने "डिजिटल भुगतान सहित डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने" की शुरुआत करने की जिम्मेदारी ली है और यह विभिन्न रणनीतियों पर कार्य कर रहा है तथा डिजिटल भुगतान सहित विभिन्न आवश्यकताओं के लिए ग्राहकों हेतु डिजिटल यात्रा सक्षम करने के लिए इकोसिस्टम बनाने हेतु विचार कर रहा है. बैंक देश के नागरिकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए डिजिटल भुगतान इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के माध्यम से जागरूकता पैदा करने पर काम कर रहा है.

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसमें भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने का लक्ष्य है. "फेसलेस, पेपरलेस, कैशलेस" डिजिटल इंडिया की एक महत्वपूर्ण भूमिका है.

भुगतान के डिजिटल माध्यमों में परिवर्तनों को देखते हुए ग्राहकों की संख्या में वृद्धि के साथ, बैंक इस यात्रा के माध्यम से उन्हें संभालने और उनका मार्गदर्शन करने का प्रयास कर रहा है. डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और मिशन मोड में लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कई पहल की गई है जो निम्नानुसार हैं:

- मोबाइल बैंकिंग : बैंक ने फास्टैग रिचार्ज, ई-मेल आईडी अद्यतनीकरण, सुकन्या समृद्धि योजना का लिंकिंग और निधि अंतरण, बीमा और निवेश (पीएमजेजेबीवाई/ पीएमएसबीवाई/एपीवाई), बड़ौदा वेल्थ के लिए एक्सेस, इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड रीसेट करना, मोबाइल के माध्यम से ''बड़ौदा किसान'' की सुविधा प्रदान करना, एक्सपोर्ट क्रेडिट और लॉकर सुविधा हेतु आवेदन जैसी कई सेवाएं जोड़ी हैं. वर्ष के दौरान औसतन 44 नई विशेषताओं एवं सेवाओं को जोड़ा गया है.
- इंटरनेट पेमेंट गेटवे : 18 एग्रीगेटर/ मास्टर मर्चेन्ट के माध्यम से क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग का प्रयोग कर भुगतान संग्रहण में समर्थ बनाने के माध्यम से ई-कॉमर्स व्यवसाय हेतु इलेक्ट्रोनिक भुगतान प्लेटफॉर्म बड़ौदा ई गेटवे उपलब्ध करवाने के लिए नए इंटरनेट पेमेंट गेटवे इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थापना की गई. समामेलन के बाद, पूर्ववर्ती देना और विजया बैंक के 304 मर्चेन्टों को जून 2019 में बैंक के भुगतान गेटवे पर ऑनबोर्ड किया गया. बैंक ने वित्त वर्ष 2020 के दौरान मर्चेंट ऑन बोर्डिंग में 110% की वृद्धि और लेनदेन वृद्धि में 274% का लक्ष्य हासिल किया है.
- डेबिट कार्ड : 31.03.2020 को बैंक के पास 5.40 करोड़ सक्रिय कार्ड आधार था. ई-कॉमर्स/ पीओएस संव्यवहारों को बढ़ाने और ग्राहकों के लिए बैंक के डेबिट कार्ड को वरीयता, पसंदीदा कार्ड बनाने के लिए बैंक ने डेबिट कार्ड ग्राहकों को आकर्षक ऑफर उपलब्ध करवाने के लिए विविध मर्चेंट के साथ टाई अप किया है. बैंक ने अपने रुपे डेबिट कार्ड धारकों के लिए भूटान में प्रयोग हेतु रुपे डेबिट कार्ड को समर्थित किया है.
- भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) : बैंक नेट बैंकिंग के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग, भीम यूपीआई, भीम बड़ौदा पे यूपीआई ऐप, नेट बैंकिंग, बीसी पॉइंट और उमंग एप्लिकेशन में बीबीपीएस सेवाएं उपलब्ध करा रहा है. सितंबर 2019 में बीसी पॉइंट के साथ बीबीपीएस के इंटीग्रेशन के साथ ग्राहक बीसी पॉइंट पर भी बीबीपीएस बिल भुगतान सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं. बैंक ने मार्च 2020 में बीओबी बीबीपीएस पर बिलर के रूप में बड़ौदा फास्टैग को ऑनबोर्ड किया है और फ्रंट एंड चैनल में नई शुभारंभ की गई श्रेणियों को समर्थित किया है. बैंक ने बीबीपीएस ग्राहक ऑपरेटिंग यूनिट (सीओयू) में 30.55% और बिलर ऑपरेटिंग यूनिट (बीओयू) में 60.22% संव्यवहार प्राप्त किया है.
- बड़ौदा फास्टैग (नेशनल ई टोल कलेक्शन - एनईटीसी): हमारा बैंक नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एनएचएआई) द्वारा फास्टैग पहल के लिए एक टैग जारीकर्ता के रूप में कार्य करता है. इससे ग्राहक बिना किसी असुविधा के टोल सेवा का भुगतान कर पाते हैं. टैग को विभिन्न भुगतान चैनलों जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई ऐप के माध्यम से आसानी से रिचार्ज किया जा सकता है. बैंक ने फास्टैग की बिक्री बढ़ाने के लिए वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान विभिन्न अभियान चलाए, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान टैग जारी करने और संव्यवहार में अच्छी-खासी वृद्धि हुई.
- एटीएम बैंकिंग: यूजर-फ्रेंडली ग्राफिक स्क्रीन और ग्राहकों की पसंद की भाषा में अनुदेशों के पालन की सहजता, एटीएम बैंकिंग को एक सुचारू अनुभव बनाते हैं. एटीएम को ग्रीन-पिन जनरेशन, एनईएफटी, बिल भुगतान आदि जैसी सुविधाओं से समृद्ध किया गया है. बैंक ने पूर्ववर्ती देना और पूर्ववर्ती विजया बैंक के सभी अनुसूचित एटीएम को बैंक ऑफ बड़ौदा स्विच में सफलतापूर्वक अंतरित कर दिया है. बैंक में 31 मार्च, 2020 तक 13193 एटीएम हैं, जिनमें कैश रिसाइकलर्स शामिल हैं.
- सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर (एसएसपीबीपी): एक पूर्णतः स्वचालित मशीन है जिसमें बिना किसी मैनुअल हस्तक्षेप के ग्राहक के पासबुक को ऑटो फ्लिप, ऑटो अलाइन और अद्यतन करने की क्षमता है, जिससे सभी प्रकार के ग्राहकों के लिए पासबुक की प्रिंटिंग सुविधाजनक हो गई है. बैंक में 4,012 एसएसपीबीपी हैं. बैंक ने चार स्थानों पर क्यूआर कोड आधारित सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर्स स्थापित किए हैं और हमारा बैंक, बैंकिंग उद्योग में क्यूआर कोड आधारित पूर्णतः स्वचालित मशीनों को लागू करने वाला पहला बैंक बन गया है.
- टैबइट: बैंक ने बड़ौदा टैबइट द्वारा टैबलेट के माध्यम से तत्काल खाता खोलने के लिए अपने चालू खाता ग्राहकों को ऑनबोर्ड करने की प्रक्रिया का डिजिटलीकरण आरंभ किया है. यह सुविधा एकल स्वामित्व और व्यक्तिगत चालू खातों के लिए उपलब्ध है और साझेदार खातों के लिए प्रक्रिया चल रही है. बैंक ने बड़ौदा टैबइट के माध्यम से चालू खाते (व्यक्तिगत और एकल स्वामित्व) खोलने के एक भाग के रूप में यूपीआई मर्चेंट्स की ऑन-बोर्डिंग की प्रक्रिया को भी डिजिटल किया है.
- रिकॉर्ड डिजिटलीकरण: रिकॉर्डों का डिजिटलीकरण बैंक की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके तहत -3,500- से अधिक शाखाओं को शामिल करते हुए लगभग 25 करोड़ दस्तावेजों को स्कैन

किया गया. इसके परिणामस्वरूप, बैंक की निर्धारित शाखाओं में लगभग 2 लाख वर्ग फुट का स्थान खाली हुआ. बैंक की निर्धारित शाखाओं और कार्यालयों में रिकॉर्डो के डिजिटलीकरण के सफल कार्यान्वयन के बाद, इसे पूर्ववर्ती देना और पूर्ववर्ती विजया बैंक की निर्धारित शाखाओं और कार्यालयों में लागू किया जा रहा है.

एनालेटिक सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स (एसीओसीई)

एनालेटिक सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स (एसीओसीई) ने पेटाबाइट स्केल पर –बिग डेटा लेक (बीडीएल) प्लेटफॉर्म तैयार किया है जिससे बड़े पैमाने पर संरचित और गैर संरचित डाटा को प्रोसेस किया जा सकता है. बिग डाटा लेक से फायदा लेते हुए बैंक ने कई संभावनाओं का विश्लेषण करने वाले एवं मशीन लर्निंग आधारित मॉडेल और स्वतः–सेवा के साथ निर्णय लेने वाले डैशबोर्ड तैयार किए हैं जिससे राजस्व बढ़ाने, लागत घटाने, जोखिम के अनुमान में सुधार करने में सहायता मिली है.

पिछले दो वर्षो से एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग बैंक के राजस्व बढ़ोतरी योजना के मूल में रहे हैं. रिटेल बैंकिंग में बैंक की क्रॉस सेल और अप सेल संभावनाएँ तथा एमएसएमई एवं धन संपदा प्रबंधन सेगमेंट में 15 मशीन लर्निंग और प्रेडिक्टिव मॉडेल कार्यरत हैं. एसीओसीई योजना का एक सबसे महत्वपूर्ण आधार डाटा विश्लेषण के आधार पर निर्णय लेना है जैसे सेल्फ सर्विस कैम्पेन डैशबोर्ड विभिन्न अभियानों के बारे में वास्तविक समय आधारित सटीक जानकारी देता है. इससे बैंक को प्रभावी रूप से अपने उत्पादों और सेवाओं को क्रॉस सेल करने में मदद मिलती है.

संग्रहण विभाग के अपने संग्रहण प्रयासों को सहायता प्रदान करने के लिए बैंक ने पाँच प्रेडिक्टिव कलेक्शन मॉडेल तैयार किये हैं जो उच्च जोखिम के मामले के बारे में सूचित करते हैं. इन मॉडेल से बैंक के संग्रहण के प्रयासों में वृद्धि होने के साथ–साथ संग्रहण की समग्र लागत में भी कमी आती है और स्लिपेज भी कम होता है. एनपीए और चूक का पता लगाने के लिए सभी शाखाओं में सेल्फ सर्विस डैशबोर्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि सभी स्तरो पर जालसाज ग्राहकों का प्रभावी प्रबंधन किया जा सके.

संभावित क्रेडिट हानि का प्रभावी अनुमान लगाने के लिए जोखिम संबन्धित कई सांख्यिकीय मॉडेल लगाए गए हैं . ये मॉडेल अत्यधिक सटीक प्रावधान करने में मदद करते हैं. स्थायी जमा राशि शेष का अनुमान लगाने के लिए मशीन लर्निंग आधारित मॉडेल बैंक के एएलएम प्रबंधन में सहायता प्रदान करते हैं. आंतरिक और बाहरी डाटा के समेकन के आधार पर कुल 60 अर्ली वार्निंग सिग्नल –ईडबल्यूएस (आरंभिक चेतावनी संकेत) तैयार किए गए हैं. और एएमएल ट्रिगर को बेहतर बनाने, धोखाधड़ी की पहचान करने और विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक की क्षमता को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जा रहा है.

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी).

बैंक ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों, प्रणालियों और संरचनाओं में लगातार सुधार कर रहा है.बैंकिंग सेवाओं के डिजिटलीकरण ने आईटी संबंधी आधारभूत सुविधाओं को लगातार अपग्रेड किया है. वर्ष के दौरान शुरू की गई प्रमुख पहलें निम्नानुसार हैं :

टैब आधारित उत्पादों का निम्नानुसार विस्तार :

- पूर्व अनुमोदित वैयक्तिक ऋण (पीएल) और वाहन ऋण (एएल) पात्र ग्राहकों को एसएमएस के माध्यम से पूर्व अनुमोदित ऋण प्रस्ताव भेजा जाता है. इच्छुक ग्राहक ऋण लेने के लिए शाखा में आ सकते हैं.
- चालू खाता जो एंड–टू –एंड डीजटलीकरण प्रस्तुत करता है, जिससे ग्राहक सरलता से वैयक्तिक, एकल स्वामित्व और गैर वैयक्तिक चालू खाता खोल सकते हैं.
- नए और मौजूदा ग्राहकों को फास्टटैग जारी करना. यदि ग्राहक बैंक के लिए नया है तो पहले उससे केवाईसी विवरण प्राप्त किया जाता है.

बैंक ने ईएमआई विशेषता वाला डेबिट कार्ड जारी किया है. इस उत्पाद को इस प्रकार से डिजाइन और तैयार किया गया है कि पात्र ग्राहकों को पॉइंट ऑफ सेल पर तत्काल ईएमआई के रूप में पूर्व अनुमोदित वैयक्तिक ऋण उपलब्ध कराया जा सके. बैंक ने कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय से प्राप्त अनुरोध पर एसपीआईसीई (कंपनी को इलेक्ट्रोनिकली रूप से शामिल करने के लिए सरल प्रारूप) के तहत ऑनलाइन अनुरोध प्राप्त होने पर तत्काल चालू खाता खोलने का अभियान शुरू किया है. बैंक ने वाहन ऋण के लिए एमएसआईएल (मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड) से गठबंधन किया है. ग्राहकों के लिए विभिन्न मॉडेल के कार को खरीदने हेतु एमएसआईएल के पोर्टल पर पूर्व अनुमोदित वाहन ऋण का अनुमोदन एवं संवितरण उपलब्ध है. बैंक ने किसान ग्राहकों के लिए वन स्टॉप शोल्यूशन 'बड़ौदा किसान' नमक कृषि प्लेटफॉर्म तैयार किया है. बैंक ने बड़ौदा किसान के लिए 7 एग्रिटेक के साथ सहयोग स्थापित किया है.

बैंक ने अपने पूर्ववर्ती ऋण प्रबंधन प्रणाली को नए लाइफ साइकल प्रोसेसिंग सिस्टम से अपग्रेड किया है. यह नई प्रणाली त्वरित ऋण संवितरण हेतु ऋण व्युत्पत्ति और ट्रैफिकिंग प्रक्रिया को सक्षम बनाती है तथा टर्न अराउंड टाइम में सुधार के लिए इमेज आधारित वर्कफ़्लो और बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम) टूल का उपयोग करके ऋण प्रस्तावों की एंड–टू –एंड प्रोसेसिंग को सक्षम बनाती है. सभी माड्यूल (रिटेल, एमएसएमई, लार्ज कार्पोरेट तथा कृषि) लाइव हो चुके हैं तथा देशभर में सफलतापूर्वक काम करे रहे हैं. इसके अलावा पूर्ववर्ती विजया और पूर्ववर्ती देना की शाखाएं भी इस प्रणाली के तहत सामिल की गईं.

बैंक प्रेडिक्टिव मॉडेल को तैयार करने, एनालिटिक्स के परिणामों के माध्यम से कार्यो को अनुरूप बनाने के लिए मॉडेल बिल्डर को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में हैं ताकि प्रतिस्पर्धा का लाभ लेते हुए व्यावसायिक कार्यनिष्पादन को बेहतर किया जा सके. यह सोलुशन पूरे इंटरप्राइज के लिए जटिल निर्णयों के प्रबंधन के लिए विशिष्ट क्षमता प्रदान करता है, ताकि विश्वास के साथ त्वरित मूल्य प्राप्त हो सके और उच्च प्रभावी निर्णय लिया जा सके.

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के सभी अधिदेशों अर्थात्त पूर्ववर्ती विजया बैंक और पूर्ववर्ती देना बैंक से समामेलन से संबन्धित पुराने एमआईसीआर और आईएफ़एससी को 31 मार्च 2020 तक बदलने, का अनुपालन किया है. उपर्युक्त के अलावा बैंक ने सभी पेमेंट एप्लीकेशनों अर्थात् एटीएम, डेबिट कार्ड, आईएमपीएस, एनईएफ़टी, ईसीएस अधिदेश, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग को माइग्रेट किया है. बैंक ने हाल ही में निर्मित बेस्ट इन क्लास डाटा सेंटर के संचलन का कार्य पूरा कर लिया है ताकि अपने ग्राहकों

को निरंतर सेवा उपलब्ध कराई जा सके. बैंक का डाटा सेंटर और डीआर परिचालन आईएसपी 27001 मानक से प्रमाणित है जो सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं का एक समूह है.

साइबर सुरक्षा

कई वर्षों के दौरान बैंक ने साइबर हमले से बचने के लिए सूचना सुरक्षा उपायों के साथ व्यापक साबर सुरक्षा तंत्र के लिए के मजबूत आधार तैयार किया है. बैंक के पास पूर्ण परिभाषित साइबर सुरक्षा कार्यनीति फ्रेमवर्क है जो प्रबंधन संरचना, नीतिगत फ्रेमवर्क और परिचालन नियंत्रण के समन्वय में परिचालित होता है. बैंक ने पांचों साइबर सुरक्षा डोमेन क्षेत्रों (पहचान, बचाव, पता लगाना, प्रतिक्रिया और पुनः प्राप्त करना) के प्रत्येक क्षेत्र साइबर सुरक्षा तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं जो कि एनआईएसटी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइन्स एंड टेक्नोलोजी, यूएसए) साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क और रिज़र्व बैंक के साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क में परिभाषित अनुसार है.

साइबर घटनाओं की पहचान करने और उनको रोकने के लिए बैंक ने अपने कैप्टिव सुरक्षा परिचालन सेंटर को साइबर सुरक्षा परिचालन सेंटर (सी –एसओसी) में अपग्रेड किया है जो 24X7 आधार पर रातदिन कार्य करता है. इसके अलावा बैंक ने साइबर सुरक्षा को बढ़ाने हेतु निम्नलिखित नियंत्रणों को जोड़ा है.

- डेटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी परिचालन आईएसओ 27001: 2013 मानक से प्रमाणित हैं (सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं का एक समूह)
- आईटी आस्तियों जैसे कि डाटा लीकेज प्रीवेंशन और क्रिटिकल सर्वर एवं डिवाइस के कन्फिगरेशन में किसी तरह के बदलाव की पहचान के लिए फ़ाइल इंटेग्रिटी मॉनिटरींग (एफ़आईएम) सोलुशन के संरक्षण के लिए लागू बहू स्तरीय सुरक्षा संरचना.
- मौजूदा प्रणाली में कमियों का पता लगाने एवं त्रुटियों को सुधारने हेतु कार्रवाई करने के लिए एप्लीकेशनों एवं संरचना की अवधिक लेखापरीक्षा.
- फिशिंग साइट, अविश्वसनीय मोबाईल एप्प एवं सोशल मीडिया साइटों की संदिग्ध गतिविधियों /विषय वस्तुओं की नियमित निगरानी करना तथा एंटी फिशिंग और ब्रांड सुरक्षा सेवाओं के माध्यम से इनकी पहचान कर इन पर उपयुक्त कार्रवाई करना.
- नेटवर्क बिहैवियर एनोमोली डिटेक्सन (एनबीएडी) और फोरेंसिक सोलुशन को कार्यान्वित करना.
- समामेलन योजना के तहत पूर्ववर्ती विजया बैंक और पूर्ववर्ती देना बैंक की शाखाओं के सिस्टम को अपने नेटवर्क में सुरक्षित रूप से माइग्रेट करने के लिए समाधान मूल्यांकन (सीए) की व्यवस्था करना.
- स्विफ्ट कस्टमर सेक्यूरिटी कंट्रोल फ्रेमवर्क वी2019 के अनुसार स्विफ्ट सिस्टम की साइबर सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन करना.
- डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस(डीडीओएस) से सिस्टम के बचाव के लिए तकनीकी को लागू करना और निर्बाध ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने के लिए क्लीन पाइप को प्राप्त करना.

बैंक ने साइबर सुरक्षा और सूचना के क्षेत्र में ग्राहकों को विभिन्न माध्यमों जैसे कि एसएमएस, एटीएम पर्चियाँ , एटीएम स्क्रीन, डिजिटल प्रदर्शन आदि के माध्यम से शिक्षित करने के लिए कई कदम उठाएँ हैं. कर्मचारियों को भी साइबर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है. बैंक ने साइबर हमलों से बचाव के लिए सुरक्षा प्रणाली को और सशक्त करने तथा अपनी क्षमताओं की जांच के लिए आईडीआरबीटी, सीईआरटी–इन, जैसी एजेंसियों द्वारा आयोजित की जाने वाली सुरक्षा ड्रिल में भाग लिया है. बैंक के पास आपात स्थिति में कार्य करने वाली टीम एवं साइबर क्राइसिस प्रबंधन योजना है तथा ड्रिल के माध्यम से इन योजनाओं की प्रभावशीलता की आवधिक जांच की जाती है.

फिनटेक

बैंक डिजिटल क्रांति का अग्रणी रहा है और सार्वजनिक क्षेत्र का पहला ऐसा बैंक है जहां 2016 से समर्पित फिनटेक वर्टीकल है. इसने बैंक को फिनटेक के साथ साझेदारियाँ विकसित करने, नए उत्पादों का शुभारंभ करने और व्यवसाय प्रक्रियाओं को नवीनीकृत करने में समर्थ बनाया है. 31 मार्च 2020 को बैंक के पास ऋण, धन संपदा, भुगतान और प्रौद्योगिकी में विविधिकृत फिनटेक स्टार्ट आप के साथ लगभग 50 साझेदारियाँ हैं.

वर्ष के दौरान प्रमुख उपलब्धियां और पहले :

- टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म पर 16% बाज़ार हिस्से के साथ बैंक ने अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी है. 31 मार्च 2020 को संचयी थ्रुफुट ₹ 2000 से अधिक हो गया.
- ऑनलाइन पीएसबी प्लेटफॉर्म पर आवास ऋण, वैयक्तिक ऋण और वाहन ऋण जैसे रिटेल ऋण उत्पादों का शुभारंभ किया गया. इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से ग्राहक 30 मिनट के भीतर सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त कर सकते हैं. इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से रिटेल ऋणों की प्रोसेसिंग में बैंकों ने सभी ऋणियों के बीच अग्रणी स्थान बनाए रखा है.
- ऑनलाइन पीएसबी ऋण प्लेटफॉर्म पर मुद्रा ऋण के शुभारंभ ने एमएसएमई सेगमेंट तक डिजिटल रूप में अपनी पहुँच बनाने में सहायता की है. पात्र आवेदकों को 30 मिनट में मुद्रा ऋण हेतु सैद्धांतिक अनुमोदन दिया जा रहा है. बैंक ने अन्य ऋणियों की तुलना में प्लेटफॉर्म माध्यम से मुद्रा ऋण की अधिकतम मंजूरी के साथ शीर्ष स्थान बनाए रखा है.
- बैंक ने पाइन लैब्स के साथ साझेदारी में अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए ऑफ दी फ़्लाइ डेबिट कार्ड ईएमआई (ओटीएफ़ –डीसीईएमआई) का शुभारंभ किया है. यह पूर्व अनुमोदित बचत बैंक ग्राहकों के लिए बैंक का पहला एंड टू एंड डिजिटल ऋण उत्पाद है. यह उत्पाद पूर्व अनुमोदित ग्राहक आधार को लघु टिकट सूक्ष्म /उपभोक्ता ऋण प्रस्तुत करता है.
- फरवरी 2020 में बैंक द्वारा माननीय वित्त सचिव, श्री राजीव कुमार के कर कमलों से बड़ौदा स्टार्टअप प्रोग्राम की शुरुआत की गई थी. इस कार्यक्रम के अंतर्गत, बैंक ने 15 केंद्रों पर विशेष रूप से स्टार्टअप शाखाएं स्थापित कीं जो स्टार्टअप के वित्तीय और बैंकिंग आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विशेषीकृत चालू खातों, पेमेंट गेटवे, कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड आदि जैसी सेवाओं की शृंखला प्रदान करेंगी. बैंक स्टार्टअप की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए डिज़ाइन किए गए एक विशिष्ट क्रेडिट उत्पाद पर भी काम कर रहा है.
- वर्ष के दौरान बैंक ने आईआईटी, मुंबई के साथ अपने पवई परिसर में बीओबी इनोवेशन सेंटर (बीओबीआईसी) की स्थापना की. इस केंद्र के

माध्यम से, बैंक ने बीएफएसआई सेगमेंट द्वारा सामना किए गए विभिन्न मुद्दों के अभिनव समाधान खोजने के उद्देश्य से 100 आइडिया कार्यक्रम शुरू किया.

विपणन

बैंक ने नियमित टीवी और रेडियो अभियानों के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रभावशाली उपस्थिति सुनिश्चित की है. वाह्य इवेंट एसोसिएशन के संदर्भ में, बैंक ने कई सिग्नेचर कार्यक्रमों जैसे जयपुर साहित्य महोत्सव, पृथ्वी महोत्सव, आईआईटी – बॉम्बे ई–सम्मेलन और काला घोड़ा कला महोत्सव को शामिल करते हुए दूसरों के मध्य अपनी छवि को विस्तारित किया.

बैंक ने महामारी के दौरान जनता के लिए "स्टे सेफ, बैंक सेफ" टैगलाइन के माध्यम से जागरूकता संदेश जारी किए, जिसने लोगों में सामाजिक प्रतिबद्धता वाले बैंक के रूप हमारे ब्रांड नाम को स्थापित करने में मदद की.

प्रमुख पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों में तथा अभियान अवधि एवं त्यौहारों के अवसर पर बैंक के लोकप्रिय उत्पादों जैसे कार ऋण, गृह ऋण, बचत खाता, एनआरआई, एफसीएनआर योजनाओं पर व्यावसायिक विज्ञापन विज्ञप्तियां प्रकाशित करवाई गयी थी. बैंक द्वारा आयोजित दो प्रमुख अभियानों "हैप्पी लाइफ फेस्टिवल" और "खुशियों का रिमोट कंट्रोल" को बैंक के ब्रांड एंडोर्सर पी. वी. सिंधु द्वारा प्रचारित किया गया.

बैंक ने सभी डेटा और ग्राहक जुड़ाव के लिए अभिसरण बिंदु के रूप में बैंक की वेबसाइट के साथ भौतिक से डिजिटल मार्केटिंग तक अपनी रूपान्तरण यात्रा को जारी रखा है.

उपर्युक्त रणनीतिक दिशा के साथ, बैंक ने सोशल मीडिया सहित डिजिटल मार्केटिंग की गतिविधियों को गति प्रदान की और ग्राहकों के लिए एवं जागरूकता फैलाने, ब्रांड जुड़ाव और व्यवसाय निर्माण की संभावनाओं के लिए कई अभियान चलाए.

बैंक की सोशल मीडिया उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

सोशल मीडिया माध्यम	**31.03.2020 तक के आंकड़े (लाइक / फॉलोअर्स की संख्या)**
फेसबुक लाइक	14,45,000+
ट्विटर फॉलोअर्स	95,000+
यूट्यूब सब्सक्राइबर	44,000+
लिंकडीन फॉलोअर्स	77,000+
इन्स्टाग्राम फॉलोअर्स	1,10,000+

जैसा कि बैंक ने आधुनिक डिजिटल मार्केटिंग इकोसिस्टम को निर्मित करने और भौतिक एवं डिजिटल मार्केटिंग के बीच एक संतुलन बनाए रखने का कार्य जारी रखा है जिसका उद्देश्य एक आकांक्षात्मक ब्रांड होना है जो उपयुक्त सामग्री प्रदान करके डिजिटल दर्शकों को जोड़ने, सशक्त और जागरूक बनाता है तथा निरंतर अनुभव, प्रतिक्रिया एवं क्षमताओं का विश्लेषण, खोज एवं सुधार करते हुए बैंकिंग जरूरतों को पूरा करता है.

ग्राहक सेवा

बैंक ग्राहकों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार है और यह मानता है कि ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी, उत्पादों, प्रक्रियाओं और मानव संसाधनों का लाभ उठाना चाहिए.

बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सर्वोत्तम कार्यपद्धति को लागू करने एवं बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई रणनीतिक पहल ''ईज़ ऑफ बैंकिंग इंडेक्स'' में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच दूसरा स्थान हासिल किया.

''पहुंच, विस्तार एवं सेवा उत्कृष्टता'' – ईज़ ऑफ बैंकिंग को सुनिश्चित करने के लिए वर्ष के दौरान कई पहलें शुरू की गईं. ग्राहक संपर्क की लगातार सभी चैनलों पर निगरानी की जाती है और चैनल क्षमताओं (कार्यात्मकता और उपयोगकर्ता अनुभव) में घर से आसान बैंकिंग सुनिश्चित करने के लिए बढ़ोत्तरी की गयी थी.

बैंक ने यह सुनिश्चित किया है कि ग्राहकों द्वारा अक्सर उपयोग की जाने वाली कार्यप्रणालियों को डिजिटल चैनलों एवं संपर्क केंद्र के माध्यम से उपलब्ध कराया जाए. 24 घंटे कार्यरत यह संपर्क केंद्र ग्राहकों से उनकी पसंदीदा भाषा में संवाद करने की क्षमता रखता है. अंग्रेजी एवं हिंदी के अलावा 9 क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुविधा उपलब्ध करायी गई. इस संपर्क केंद्र ने वर्ष के दौरान 1.51 करोड़ ग्राहक कॉल हैंडल किए (लगभग 85% कॉल के जवाब 15 सेकंड में दिए गए).

बैंक ने इस वर्ष एक इंटरप्राइज वाइड सीआरएम शुरू किया है. ग्राहकों द्वारा अब व्यापक रूप से ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली (सीआरएम पैकेज का एक मॉड्यूल) का उपयोग किया जा रहा है जो समयबद्ध स्वत: एस्कलेशन, दस्तावेजों को संलग्न करने के विकल्प, समाधान की गुणवत्ता से संबन्धित प्रतिक्रिया प्रदान करने और पुन: शिकायत करने की सुविधा से युक्त है.

वित्त वर्ष 2020 के दौरान बैंक ने शिकायतों के प्रबंधन के लिए रिमोट चैनलों के उपयोग में महत्वपूर्ण सुधार दर्शाया है (केवल 12% ग्राहक शिकायतों को दर्ज करने के लिए शाखा में जाते हैं). वित्त वर्ष 2020 में 75% शिकायतों का समाधान 7 दिनों के भीतर किया गया.

बैंक ने 500 शाखाओं में एक नई कतार प्रबंधन प्रणाली लागू की. शाखाओं का भी नवीनीकरण किया गया और बेहतर माहौल, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग ग्राहकों पर विशेष ध्यान देते हुए बैठने की बेहतर व्यवस्था के माध्यम से ग्राहक अनुभव की वृद्धि के लिए इसे डिज़ाइन किया गया.

बैंक ग्राहक पहले की संस्कृति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और लगातार अपने ग्राहकों के साथ जुड़कर उनकी जरूरतों, सुविधाओं की पुनर्संरचना (उत्पाद डिजाइन, सिस्टम और प्रोसेस) को समझने और सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए गवर्नेंस मॉडल को बेहतर बना रहा है. शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति की बैठकों के माध्यम से शाखाओं में ग्राहक सेवा की गुणवत्ता से संबन्धित फीडबैक प्राप्त किया जाता है. ये बैठकें मासिक आधार पर आयोजित की जाती हैं जिसमें वरिष्ठ नागरिक और पेंशनरों सहित समाज के विभिन्न क्रॉस सेक्शन के ग्राहकों को आमंत्रित किया जाता है. सभी शाखाओं के सेवा संबंधी स्तर की निगरानी मिस्ट्री शॉपिंग / सेवा ऑडिट के माध्यम से की जाती है.

महाप्रबंधक (परिचालन एवं सेवाएं), बैंक में ग्राहकों की शिकायतों हेतु प्रमुख नोडल अधिकारी के रूप में नामित हैं. इसके अलावा, सभी अंचल प्रमुखों और क्षेत्रीय प्रमुखों को उनके संबंधित अंचलों और क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है. इसके अलावा, बैंक की सभी शाखाओं से

संबंधित नोडल अधिकारियों के नाम उनके संपर्क नंबर के साथ प्रदर्शित किए गए हैं.

बैंक ने एक आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति की है जो ग्राहकों के लिए ऐसा उपलब्ध फोरम है जिसका उपयोग बैंकिंग लोकपाल को संपर्क करने से पहले शिकायत निवारण के लिए किया जा सकता है. ऐसी सभी शिकायतें, जो बैंक द्वारा अस्वीकृत या आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती हैं, उन्हें समीक्षा के लिए आंतरिक लोकपाल को व्यवस्थित रूप से एक्सलेट किया जाता है. यह बैंक की व्यवस्था में ग्राहक के विश्वास को बढ़ाता है और शिकायत निवारण की प्रक्रिया में गति लाता है और फलस्वरूप इससे इसे अधिक पारदर्शी बनाता है.

निदेशक मण्डल स्तर पर, ग्राहक सेवा के लिए निदेशक मण्डल की उप-समिति ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सतत सुधार के उद्देश्य के साथ नीतियां बनाने संबंधी मामलों का निपटान करती है और उसके साथ अनुपालन का मूल्यांकन करती है. ग्राहकों और एमएसएमई के प्रति विविध उत्पाद, सेवाओं और नीतियों में पारदर्शिता बरतते हुए निष्पक्ष बैंकिंग प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता का कोड, नागरिक चार्टर, शिकायत निवारण नीति, बैंकिंग लोकपाल योजना बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

शेयर्ड सेवाएं

बैंक ने प्रमुख परिचालन और गतिविधियों को केंद्रीकृत करने के लिए शेयर्ड सर्विसेज सेंटर (एसएससी) की स्थापना के माध्यम से 2017 में जिस यात्रा की शुरूआत की थी, वह अब बहुत आगे बढ़ गई है. केंद्रीकरण के माध्यम से, बैंक ने न केवल ग्राहक सेवा और जोखिम प्रबंधन पर ध्यान केंद्रण को बढ़ाया है, बल्कि मापनीयता, मानकीकरण और जोखिम प्रबंधन में भी सुधार किया है. बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज (बीजीएसएस) दैनिक और आवर्ती प्रकार के केंद्रीकृत हब में माइग्रेट कर शाखाओं की सहायता कर रही हैं. इसके साथ, शाखाएं अपने संसाधनों के 30 - 35% को मुक्त रख पाएंगी जिन्हें बिक्री, वसूली और ग्राहक सेवा में लगा सकते हैं.

एसएससी चार स्थानों (मुंबई, गिफ्ट सिटी, गांधी नगर, बेंगलुरु और हैदराबाद) से परिचालन करता है और इसके पास नॉन-वाइस (संव्यवहार प्रोसेसिंग) में 1400 पूर्णकालिक कर्मचारी (एफ़टीई) और वाइस (बहुभाषी क्षमताओं वाले कॉल सेंटर के साथ) में 850 एफ़टीई से अधिक कर्मचारी हैं.

व्यापार एवं विदेशी मुद्रा परिचालन, खाता प्रबंधन सेवाएं, बंधक आधारित ऋण परिचालन, कृषि ऋण प्रसंस्करण, क्रेडिट कार्ड परिचालन, डिजिटल बैंकिंग परिचालन (रिकन्सिलेशन / वेंडर प्रबंधन / एटीएम निगरानी / आईपीजी) और पेंशन सेवाओं जैसे कार्यों को केंद्रीकृत किया गया है. इसके अलावा, संग्रहण सेवाओं को माईग्रेट करने, सीएमएस परिचालन, अंतर्राष्ट्रीय परिचालन, आधार नामांकन केंद्र, विशिष्ट बंधक स्टोर और एमएसएमई ऋण परिचालन में लॉगिन शॉप की स्थापना जैसी गतिविधियों की स्थापना बिक्री और ग्राहक सेवा के लिए और अधिक क्षमता रिलीज करने में मदद करेगी.

वर्ष के दौरान, कॉर्पोरेट ग्राहकों जैसे ग्राहकों को सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए एक 'प्राथमिकता डेस्क' स्थापित किया गया.

शाखा नेटवर्क

31 मार्च, 2020 को बैंक का शाखा नेटवर्क निम्नानुसार है:

	31.03.19*		31.03.20 (समामेलित)	
घरेलू शाखाएँ	शाखाओं की संख्या	कुल में% हिस्सा	शाखाओं की संख्या	कुल में% हिस्सा
मेट्रो	1 , 203	21.66%	2 , 163	22.81%
शहरी	959	17.27%	1 , 860	19.62%
अर्ध शहरी	1 , 546	27.84%	2 , 525	26.63%
ग्रामीण	1 , 845	33.23%	2,934	30.94%
कुल	5,553	100	9 , 482	100
विदेशी शाखाएं / कार्यालय (विदेशी सहायक शाखाओं सहित)	100		101	

वित्त वर्ष 2020 के दौरान बैंक ने 44 नई घरेलू शाखाएं खोली और नौ शाखाओं को मौजूदा शाखाओं के साथ विलय किया गया.

करेंसी चेस्ट

समामेलन के बाद करेंसी चेस्ट की संख्या 100 से बढ़कर 150 हो गई है. ये चेस्ट बैंक में प्रभावी नकदी प्रबंधन के साथ-साथ आरबीआई की ओर से नकद को तिजोरी में रखने में सहयोग प्रदान करते हैं. सभी करेंसी चेस्टों के साथ-साथ शाखाओं को भी नोट सॉर्टिंग मशीन (NSMs) उपलब्ध करवाई गई है.

जोखिम गवर्नेंस और आंतरिक नियंत्रण

बैंक ने संस्थागत रूप से एक मजबूत जोखिम संस्कृति को स्थापित करने के लिए एक एकीकृत जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क को लागू किया है. यह फ्रेमवर्क सुनिश्चित करता है कि पूरे संस्थान में जोखिम प्रबंधन और निर्णय लेने में सहयोग के लिए प्रणाली और क्षमता को स्थापित किया गया है.

जोखिम प्रबंधन गवर्नेंस

जोखिम प्रबंधन गवर्नेंस यह सुनिश्चित करता है कि जोखिम लेने वाली गतिविधियाँ बैंक की रणनीति और जोखिम लेने की क्षमता के अनुसरण में हों और बैंक को लागू सभी जोखिम की श्रेणियों को कवर करता है. निदेशक मंडल जोखिम संबंधी जागरुकता को बढ़ावा देने के द्वारा शीर्ष स्तर पर कार्यप्रणाली को स्थापित करता है. बैंक यह सुनिश्चित करता है कि वास्तविक जोखिम और जोखिम लेने की क्षमता अपनी सीमा से अधिक, यदि कोई है तो, उनकी पहचान कर मामले को आगे बढाया जाता है और समय रहते उसका निवारण किया जाता है.

न्यूनतम सीआरएआर सेट करने के अलावा बैंक का जोखिम क्षमता संबंधी फ्रेमवर्क समेकित स्तर पर बैंक की जोखिम लेने की क्षमता को दर्शाता है और

यह पिलर 1 जोखिम क्षमता के लिए जैसे क्रेडिट जोखिम, ट्रेडिंग बुक के लिए मार्केट जोखिम और परिचालनगत जोखिम और पिलर 2 जोखिम जैसे तरलता जोखिम, साख जोखिम आदि को परिभाषित करता है.

त्रिस्तरीय सुरक्षा

प्रभावी जोखिम प्रबंधन गवर्नेंस को लागू करने और संभावित जोखिम की सभी संभावनाओं के समाप्त करने के लिए, बैंक की विभिन्न इकाइयों के बीच जिम्मेदारियों को इस तरह से परिभाषित किया गया है कि सुरक्षा के तीन चरण हैं जो एक दूसरे से हर प्रकार से स्वतंत्र हैं. बैंक जवाबदेही और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने के लिए जोखिम प्रबंधन के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा, जो उद्योग–मानक है का उपयोग करता है. यह पूरे संस्थान में प्रभावी जोखिम प्रबंधन को स्थापित करने में सहयोग करता है.

I. सुरक्षा का प्रथम चरण व्यावसायिक वर्टिकल और परिचालन इकाइयां हैं जहाँ जोखिम लिया जाता है. व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के दौरान, व्यवसाय वर्टिकल में और परिचालन इकाइयों में कार्य करने वाले कर्मचारी अग्रणी श्रेणी में आते हैं और वे उचित पहचान, मूल्यांकन, प्रबंधन और जोखिम एक्सपोज़र के दैनिक आधार पर बैंक की जोखिम क्षमता तथा सीमा/ उच्चतम सीमाएं, नीतियां, प्रक्रियाएं और नियंत्रण के अनुसरण रिपोर्टिंग की प्राथमिक जिम्मेदारी सम्भालते हैं.

II. सुरक्षा का द्वितीय चरण जोखिम प्रबंधन कार्य और अनुपालन कार्य द्वारा प्रदान किया जाता है जो एक दूसरे से अलग और स्वतंत्र रूप से परिचालन एवं कार्य करते हैं तथा सुरक्षा की प्रथम श्रेणी के भाग भी है. निगरानी करते समय जोखिम स्तर और जोखिम रिपोर्टिंग और लागू कानूनों, विनियमों, कॉर्पोरेट प्रशासन के नियमों और आंतरिक नीतियों के अनुपालन को सुनिश्चित करना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी है.

III. तृतीय स्तर की सुरक्षा आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यों द्वारा प्रदान की जाती है जोकि आंतरिक जोखिम–आधारित और अन्य लेखापरीक्षा आयोजित करने के द्वारा स्वतंत्र रूप से आश्वासन प्रदान करेने के लिए उत्तरदायी है. यह समीक्षा बोर्ड को यह आश्वासन प्रदान करती है कि जोखिम गवर्नेंस सहित समग्र गवर्नेंस फ्रेमवर्क प्रभावी है और यह कि नीतियां और प्रक्रियाएं स्थापित हैं और उनका अनुपालन लगातार किया जा रहा है. लेखापरीक्षा कार्य की भूमिका निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा परिभाषित की जाती है और उसकी देख–रेख की जाती है.

जोखिम प्रबंधन और अनुपालन

जोखिम बैंकिंग व्यवसाय का एक अविभाज्य अंग है और बैंक का लक्ष्य जोखिम और रिटर्न के बीच एक उचित संबंध स्थापित करना है. सतत एवं निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन ढांचा विकसित किया है ताकि बैंक द्वारा माने गए जोखिमों का सही मूल्यांकन और निगरानी की जा सके. बैंक परिभाषित जोखिम क्षमता सीमा और बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अंदर ही व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करता है. विभिन्न जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा हेतु निदेशक मंडल ने निदेशक मंदल जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है. इसमें विषय विशेषज्ञों की भर्ती प्रक्रिया भी शामिल है. प्रत्येक प्रकार के जोखिम के लिए निदेशक मंडल अथवा निदेशक मंडल की समिति द्वारा समय – समय पर गवर्निंग फ्रेमवर्क बनायी जाती है.

बैंक की एक व्यापक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया और तनाव परीक्षण नीति है. पिलर 2 जोखिम जैसे तरलता जोखिम, ब्याज दर जोखिम, संकेन्द्रण जोखिम, व्यवसाय और सामरिक जोखिम, प्रतिष्ठा जोखिम, पेंशन दायित्व जोखिम आदि और सामान्य एवं तनाव दोनों स्थितियों के तहत पूंजी पर्याप्तता का आकलन मौजूदा नीतियों के अनुसार किया जाता है. बैंक के भीतर विभिन्न जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए तैयार की गयी व्यवस्था की संक्षिप्त रूपरेखा इस प्रकार है:

उद्यम जोखिम प्रबंधन

व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं के लिए समग्र बैंक में सशक्त जोखिम प्रबंधन संस्कृति को बढ़ावा देने, सभी जोखिमों की जल्द पहचान, मूल्यांकन, मापन, एकत्रीकरण और प्रबंधन में मदद करने और पूंजी आबंटन की सुविधा के लिए एक व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण की आवश्यकता है. सभी जोखिम ओवरआर्चिंग रिस्क मैनेजमेंट फ्रेमवर्क द्वारा स्वीकृत हैं और पर्याप्त रूप से सुरक्षित किए गए हैं.

बैंक सभी स्तरों पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करके और विभिन्न स्थानीय कार्यशालाओं का आयोजन करके एक मजबूत जोखिम जागरूकता संस्कृति विकसित करने का प्रयास कर रहा है.

ऋण जोखिम

ऋण जोखिम का निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित फ्रेमवर्क के माध्यम से क्रेडिट प्रबंधन किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सर्वोत्तम व्यवहारों के अनुरुप नीतियां, प्रक्रियाओं तथा रिपोर्टिंग पद्धति को निर्धारित करते हैं. बेहतर ऋण संस्कृति और एक सुगठित ऋण अनुमोदन प्रक्रिया की स्थापना के लिए जोखिम मूल्यांकनकर्ताओं और व्यावसायिक कार्यों की स्वतंत्रता पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है. स्वतंत्र मॉडल सत्यापनकर्ताओं द्वारा उनके विवेकाधीन शक्ति, सटीकता और स्थिरता के साथ क्रेडिट जोखिम मापन मॉडल को सत्यापित किया जाता है.

बैंक को इन कुछ वर्षों में आंतरिक रेटिंग में अच्छा अनुभव रहा है, जिससे 31 मार्च, 2013 से बासेल II दिशानिर्देशों के तहत क्रेडिट जोखिम के लिए फाउंडेशन आंतरिक रेटिंग (एफआईआरबी) दृष्टिकोण को चलाने के लिए नियामक की स्वीकृति प्राप्त करने में सक्षम बना है. आईआरबी दृष्टिकोण के अंतर्गत बैंक ने ऋण जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकता के निर्धारण हेतु लिए अपना अनुभव सिद्ध मॉडल विकसित किया है.

बैंक ने उधारकर्ताओं को आंतरिक रेटिंग देने के लिए अच्छी तरह से मॉडल स्थापित किए हैं और इन मॉडलों को समय–समय पर समर्पित आंतरिक टीम के साथ–साथ बाहरी एजेंसियों द्वारा सत्यापित और मान्य कराया जाता है. बैंक ने क्रेडिट संकेन्द्रण प्रबंधन करने हेतु उद्योगों, क्षेत्रों और ऋणकर्ताओं के लिए विवेकशील उच्च सीमाएं तय कर रखी हैं. पोर्टफोलियो समीक्षा कक्ष, क्षेत्रवार एक्सपोजर, ऋण संकेन्द्रण, रेटिंग विभाजन तथा माइग्रेशन की समीक्षा करता है.

बैंक ने शेयरधारकों को आर्थिक मूल्यवर्धन की दृष्टि से ऋण जोखिम एक्सपोज़र का मूल्यांकन करने के लिए कार्पोरेट क्रेडिट एक्सपोज़र के लिए रिस्क अडजस्टेड रिटर्न ऑन कैपिटल (आरएआरओसी) फ्रेमवर्क को क्रियान्वित किया है.

बैंक ने जोखिम लेने / नहीं लेने के जोखिम निर्णय के साथ ऋण प्रस्तावों को उच्च / माध्यम / कम जोखिम में वर्गीकृत करने सहित. बैंक के जोखिम वर्टिकल के द्वारा ऋण प्रस्तावों की स्वतंत्र जोखिम आधारित एक्सिलेंस (ईअएसई) जोखिम स्कोरिंग मॉडल को क्रियान्वित्त किया है.

बाजार जोखिम

बाज़ार जोखिम का अर्थ बाजार दरों या ट्रेडिंग पोर्टफोलियो के मूल्यों में प्रतिकूल परिवर्तन के कारण अर्जन या आर्थिक मूल्य के नुकसान का जोखिम है. विभिन्न बाजार उत्त्पादों के आर्थिक मूल्य में बदलाव के मुख्य कारकों में ब्याज आदि के दरों, विनिमय दरों, आर्थिक विकास तथा कारोबार विश्वास में परिवर्तन शामिल हैं. बैंक ने अपने ट्रेजरी–कार्यो को नियंत्रित करने और उनकी निगरानी करने के लिए व्यवस्थित नीतियां बनाई हैं जो बाजार जोखिम स्थितियों को सम्हालती है.

बैंक दैनिक आधार पर अवधि, संशोधित अवधि, पीवी 01 और जोखिम पर मूल्य (वीएआर) के माध्यम से अपनी ट्रेडिंग बुक में ब्याज दर के जोखिम का आकलन करता है और निगरानी करता है. विदेशी मुद्रा जोखिम का दैनिक आधार पर निवल एक रात की प्रारंभिक सीमा (एनओओपीएल), वीएआर सीमा, कुल गैप सीमाएं (एजीएल), व्यक्तिगत गैप सीमाएं (आईजीएल) के संदर्भ में आकलन किया जाता है और निगरानी की जाती है. इक्विटी मूल्य जोखिम का वीएआर सीमाओं और पोर्टफोलियो आकार सीमाओं के माध्यम से आकलन किया जाता है और उसकी निगरानी की जाती है. लेनदेन स्तर पर, स्टॉप हानि सीमा और डीलर–वार सीमा निर्धारित और कार्यान्वित की गई है. अपने दबाव परीक्षण फ्रेमवर्क के तहत, बैंक त्रैमासिक आधार पर अपनी व्यापारिक बही–पोर्टफोलियो का व्यापक दबाव परीक्षण करता है.

आस्ति देयता प्रबंधन

तरलता जोखिम उचित लागत पर अपेक्षित और अप्रत्याशित नकदी और संपार्श्विक दायित्वों को पूरा करने में एक असमर्थता है. बैंक में तरलता जोखिम का आकलन, प्रवाह दृष्टिकोण तथा स्टॉक दृष्टिकोण और भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य विवेकपूर्ण निर्धारणों से किया जाता है एवं मॉनीटर किया जाता है. बैंक ने तरलता मानकों पर बासेल III फ्रेमवर्क, तरलता कवरेज अनुपात, तरलता जोखिम मॉनीटरिंग टूल्स और एलसीआर प्रकटीकरण मानकों को कार्यान्वित कर दिया है. एलसीआर मानकों का ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि बैंक पर्याप्त भार रहित उच्च कोटि की आस्तियां रखे जिन्हें नकदी में बदला जा सके, जो महत्वपूर्ण गंभीर तरलता दबाव की स्थिति में 30 कैलेंडर दिनों की आवश्यकता को पूरा कर सके. बैंक हमेशा एकल के साथ–साथ समेकित आधार पर भी एलसीआर के निर्धारित स्तर से ऊपर रहा है. बैंक अपनी वेबसाइट पर संबंधित तिमाही के लिए लेखा संबंधी नोट के रूप में दैनिक एलसीआर के साधारण औसत का प्रकटीकरण करता है.

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) संवेदनशील आस्तियों और देनदारियों के बीच अंतर के कारण उत्पन्न होता है, जो बाजार में ब्याज दरों में बदलाव के साथ बैंक की इक्विटी की आय / आर्थिक मूल्य पर काफी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है. बैंकिंग बुक में ब्याज दर जोखिम के आकलन और निगरानी के लिए बैंक जोखिम प्रबंधन माध्यमों का उपयोग करता है जैसे कि पारंपरिक अंतर विश्लेषण, जोखिम पर आय और इक्विटी की परिवर्तित अवधि. निवल ब्याज आय (एनआईआई) पर ब्याज दर संचलन का अल्पकालिक प्रभाव 'जोखिम पर आय' दृष्टिकोण के माध्यम से निर्धारित होता है, जिसमें आय वक्र जोखिम, बेसिस जोखिम और निहित ऑप्शन्स जोखिम में समानांतर रूप से परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए दृष्टिकोण को अपनाया जाता है. ब्याज दर संचलन के दीर्घकालीन प्रभाव का इक्विटि के बाज़ार मूल्य (एमवीई) में परिवर्तन के माध्यम से आकलन किया जाता है एवं उसकी निगरानी की जाती है.

परिचालन जोखिम

संगठन में परिचालन जोखिम के प्रभावी प्रबंधन के लिए बैंक के पास एक सुपरिभाषित परिचालन जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क (ओआरएमएफ) और परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली (ORMS) है. ओआरएमएफ में परिचालन जोखिम, शासकीय संरचना, नीतियां, प्रक्रिया और प्रबंधन के लिए संगठनात्मक संरचना शामिल है; ओआरएफएस में बैंक द्वारा परिचालन जोखिम की पहचान, आकलन, निगरानी, नियंत्रण और इसे कम करने संबंधी प्रणालियां शामिल हैं.

परिचालनगत जोखिम के व्यवस्थित, सम्पूर्ण और एकीकृत प्रबंधन के लिए हमारे बैंक ने वेब आधारित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन सिस्टम एसएएस एंटरप्राइज गवर्नेंस, जोखिम और अनुपालन (एसएएस ईजीआरसी) को लागू किया है.

मुख्य जोखिम संकेतक कार्यक्रम (केआरआई), रिस्क कंट्रोल एंड सेल्फ असेसमेंट प्रोग्राम (आरसीएसए) की शुरूआत और मूल कारण विश्लेषण ने नियंत्रण वातावरण को और मजबूत किया है. बैंक ने परिचालन जोखिम प्रबंधन के हिस्से के रूप में आंतरिक क्षति डेटा का भंडार बनाया है.

संव्यवहार स्तर पर परिचालनगत जोखिम को कम और नियंत्रित करने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने केवायसी/एएमएल/सीएफटी दृष्टिकोण से सभी घरेलू संव्यवहारों की निगरानी करने के लिए केंद्रीकृत संव्यवहार निगरानी इकाई की स्थापना की है. बैंक ने कई बैक ऑफिस गतिविधियों को केंद्रीकृत कर संव्यहारों के निष्पादन (बैक ऑफिस) को कार्यान्वित करते हुए ग्राहक इंटरफेस (फ्रंट ऑफिस) को अलग किया है. फोरेक्स लेनदेन में परिचालनगत जोखिमों को कम करने के लिए बैंक ने फोरेक्स लेनदेन के लिए केंद्रीकृत ट्रेड फ़ाइनेंस बैक ऑफिस (टीएफ़बीओ) की स्थापना की है.

बैंक ने इंटरप्राइज स्तर पर जोखिम संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन योजना की व्यवस्था की है. जोखिम से बचाव (नियर मिस इवेंट) संबंधी रिपोर्टिंग के लिए कर्मचारियों हेतु वित्तीय और गैर–वित्तीय प्रोत्साहन की घोषणा की गई है.

जलवायु जोखिम

हाल के दिनों में जलवायु परिवर्तन जोखिम वित्तीय उद्योग के लिए महत्वपूर्ण चुनौती बन गया है. बैंक जलवायु परिवर्तन जोखिम के प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और सचेत रूप से अपने बैंकिंग परिचालनों के सतत विकास की दिशा में काम कर रहा है ताकि पर्यावरण और सामाजिक, आर्थिक गुणवत्ता को बनाए रखते हुए आर्थिक विकास को प्राप्त किया जा सके.

ग्रीनहाउस प्रभाव को कम करने के लिए, एक नीतिगत मामले के रूप में, बैंक ओजोन पराबैंगनी पदार्थ (ओडीएस) का उत्पादन / खपत करने वाली नई इकाइयों की स्थापना के लिए उधारकर्ताओं और क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) का उपयोग करते हुए एयरोसोल इकाइयों के निर्माण में कार्यरत सूक्ष्म/ लघु स्तर की इकाइयों का वित्तपोषण नहीं कर रहा है. प्रोजेक्ट ऋण को मंजूर

करते समय, बैंक यह सुनिश्चित करता है कि सभी वैधानिक अनुमतियां जैसे कि पर्यावरण मंजूरी, प्रदूषण नियंत्रण आदि की अनुमति या मंजूरी संवितरण से पहले प्राप्त कर ली जाए.

बैंक हरित प्रौद्योगिकियों जैसे डीजल जनरेटर (डीजी) सेट, जो पर्यावरण प्रदूषकों के प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक है, उनके संचालन को कम / बंद कर उत्सर्जन को कम करने और हाइब्रिड यूपीएस, सोलर आधारित प्रणालियों आदि जैसे वैकल्पिक संसाधनों को अपनाने का इरादा रखता है.

बैंक प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ, चक्रवात, भूकंप, भूस्खलन, जंगल की आग, तूफान आदि के दौरान परिचालन जोखिमों का आकलन करते समय जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर भी विचार कर रहा है. बैंक के परिचालन पर ऐसे प्रभाव और परिणाम समय-समय पर विभिन्न जोखिम प्रबंधन समितियों के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं.

बैंक ने जलवायु परिवर्तन जोखिम को कम करने, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए निम्नलिखित हरित पहलें की है:

ए) बैंक ने कागज रहित अनुमोदन और पेपरलेस ई मीटिंग के लिए क्रमशः ई-अनुमोदन और बोर्ड-पैक लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप बैंक में कागज के उपयोग में पर्याप्त कमी आई. बैंक ने आंतरिक परिचालन के लिए भौतिक परिपत्र जारी करना बंद कर दिया है. बैंक ने इच्छुक ग्राहकों को सुरक्षित ईमेल के माध्यम से खातों का विवरण भेजना शुरू कर दिया ताकि कागज की खपत कम हो सके.

बी) स्टाफ कैंटीन के गीले कचरे / कचरे को संसाधित करने और इसे जैविक-गैस और खाद, जिसका उपयोग खाना पकाने और कृषि कार्यों के लिए किया जाता है, में परिवर्तित करने के लिए कॉर्पोरेट कार्यालय में एक गीला कचरा (बायो-गैस) संयंत्र स्थापित किया गया.

सी) कॉर्पोरेट कार्यालयों एवं बैंक के कुछ स्टाफ क्वार्टरों में सौर पैनलों / ट्री को स्थापित किया गया है. बैंक अपनी आंतरिक ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए नवीकरणीय (सौर) ऊर्जा संसाधनों के उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है.

डी) सभी शाखाओं / कार्यालयों में एनर्जी इफिशियेंट एलईडी लाइट फिक्स्चर स्थापित किए गए हैं.

बैंक ने अपने स्वामित्व वाले भवनों में वर्षा जल संचयन शुरू किया, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किया गया.

अनुपालन

अनुपालन कार्यकलाप बैंक के कार्पोरेट गवर्नेंस संरचना में एक महत्वपूर्ण घटक है. बैंक में अनुपालन कार्य पर्याप्त रूप से सक्षम एवं स्वतंत्र है.

अनुपालन कार्य विभिन्न कानूनों में निहित सभी वैधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करता है जैसे कि बैंककारी विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, और धन शोधन निवारण अधिनियम आदि के साथ-साथ समय-समय पर जारी किए गए अन्य विनियामक अधिनियमों का पालन सुनिश्चित करता है. यह बैंक की आंतरिक नीतियों और निष्पक्ष व्यवहार संहिता के अनुपालन को भी सुनिश्चित करता है. बैंक ने अच्छी तरह से अभिलिखित अनुपालन नीति के साथ साथ एक सुदृढ़ अनुपालन प्रक्रिया को स्थापित किया है जो बैंक के अनुपालन का दर्शन, भूमिका और अनुपालन विभाग का गठन, उसके स्टाफ की संरचना और उनकी विशेष जिम्मेदारियों को रेखांकित करता है.

अनुपालन प्रणाली बैंक के वरिष्ठ प्रबन्धन और निदेशक मंडल को लागू कानूनों, नियमों और वैश्विक मानकों पर सलाह देती है और इस क्षेत्र में हो रही प्रगति से उनको अवगत कराती है. यह बैंक के व्यवसाय, स्टाफ और नामित अनुपालन अधिकारियों के साथ साथ कर्मचारियों के लिए आवधिक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के द्वारा अनुपालन के मामलों पर उन्हें शिक्षित करती है. इस उद्देश्य के लिए बैंक की साइट पर नॉलेज मैनेजमेंट टूल को भी अपलोड किया गया है. बैंक ने अनुपालन प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने के लिए बैंक में प्रत्येक स्तर पर प्रमाणीकरण और विभिन्न नियामक, सांविधिक और आंतरिक दिशानिर्देशों की निगरानी के लिए एक वेब आधारित अनुपालन प्रबन्धन समाधान को कार्यान्वित किया है. बैंक ने सेबी के निष्पक्ष प्रकटीकरण और आचरण में परिभाषित 'इंसाइडर्स' से जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया को स्वचालित किया है.

अन्य गतिविधियों के तहत घरेलू मोर्चे पर निगरानी संबंधी अनुपालन के अंतर्गत, क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारियों (आरसीओ) के माध्यम से तिमाही आधार पर 20 प्रतिशत औचक रूप से चयनित शाखाओं में केवाईसी-एएमएल के लिए 80 मानदंडों पर ऑन-साइट अनुलपान टेस्ट जांच संबंधी घरेलू अनुपालन कार्य पूरा किया गया. केवाईसी/एएमएल दिशानिर्देशों और अन्य अनुपालन के अन्य मानदंडों से संबंधित लगभग 30 मानदंडों में मासिक आधार पर ऑफसाइट अनुपालन जांच कार्य पूरा किया गया.

ईज़ सुधार वर्जन 2.0 के तहत बैंक ने सभी पीएसबी के बीच पहली तिमाही (जून 2019), दूसरी तिमाही (सितंबर 2019) और तीसरी तिमाही (दिसंबर 2019) में लगातार दूसरा स्थान बरकरार रखा.

क्षमता निर्माण की प्रक्रिया में, बैंक ने सभी अनुपालन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया और अपने अधिकारियों को अनुपालन के क्षेत्रों में नवीनतम घटनाचक्रों पर प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित किया. व्यावसायिकता को बढ़ावा देने के लिए, बैंक स्टाफ सदस्यों को प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईबीएफ, एसीएएमएस आदि से पेशेवर पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है.

वित्त वर्ष 2020 के दौरान अनुपालन में कमी से संबंधित कोई महत्वपूर्ण घटना नहीं हुई.

केवाईसी / एएमएल अनुपालन

बैंक के पास एक सुपरिभाषित केवायसी-एएमएल-सीएफटी नीति है. इस नीति के आधार पर, धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के अंतर्गत बैंक के केवायसी मानदंडों, एएमएल मानकों एवं सीएफटी उपायों तथा बैंक के दायित्वों को कार्यान्वित्त किया जाता है. बैंक के पास वित्तीय आसूचना एकक (एफआईयू - आईएनडी) को प्रस्तुत करने के लिए नकद लेन-देन रिपोर्ट (सीटीआर) को इलेक्ट्रानिक रुप से जनरेट करने हेतु विस्तृत प्रणाली है. बैंक इलेक्ट्रानिक रुप से जाली मुद्रा रिपोर्ट (सीसीआर), गैर लाभकारी संगठनों की लेन-देन रिपोर्ट (एनटीआर) और क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांस्फर (ईएफटी) रिपोर्ट को एफआईयू - आईएनडी, नई दिल्ली के पोर्टल पर प्रत्येक माह निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करता है. बैंक ने केन्द्रीय

लेन-देन निगरानी इकाई (सीटीएमयू) की स्थापना की है और ग्राहकों के खातों में संदिग्ध लेन-देन पैटर्न की निगरानी और पहचान तथा सिस्टम में पूर्व परिभाषित अलर्ट मानदंड के आधार पर सिस्टम आधारित लेन-देन अलर्ट जनरेट करने के लिए एक एएमएल सॉल्यूशन स्थापित किया है.

ग्राहकों के खातों का अर्धवार्षिक आधार पर सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण किया जाता है. भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुरुप धन शोधन जोखिम वर्गीकरण करने के पश्चात उच्च जोखिम वाले ग्राहकों का अर्धवार्षिक आधार पर पुनः केवाईसी किया जाता है. इस उद्देश्य से, बैंक ने ऐसे ग्राहकों की पहचान एवं उनके लिए सूचना जनरेट करने तथा उन्हें अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज जमा करने संबंधी सूचना प्रेषित करने हेतु स्वचालित प्रक्रिया विकसित की है.

बैंक ने ई-केवाईसी प्रमाणीकरण के लिए ग्राहकों की स्वैच्छिक घोषणा पर यूआईडीएआई के साथ मिलकर आधार आधारित ई-केवाईसी भी लागू किया है. भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार बैंक अपने सभी मौजूदा ग्राहकों के लिए विशिष्ट ग्राहक पहचान कोड (यूसीआईसी) आवंटित करने की प्रक्रिया में है और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार वैयक्तिक ग्राहकों को सीकेवायसी नंबरों के आवंटन के लिए सेंट्रल केवाईसी रजिस्ट्री को लागू किया है.

आंतरिक लेखापरीक्षा

बैंक का केंद्रीय आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभाग (सीआईएडी) आंतरिक लेखापरीक्षा के लिए उत्तरदायी है. सीआईएडी शाखाओं और कार्यालयों की जोखिम आधारित लेखापरीक्षा के अलावा विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षा करता है. निदेशक मण्डल की लेखापरीक्षा समिति समग्र आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यकलापों की निगरानी करती है और आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, आईएस लेखापरीक्षा और अन्य सभी लेखापरीक्षा कार्यकलापों को प्रभावी बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है. समिति बैंक में कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति और आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के कार्यकलापों की निगरानी करती है.

सीआईएडी जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति द्वारा लिए गए निर्णय की आवधिकता के अनुसार अठारह अंचल आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभागों के माध्यम से शाखाओं/ कार्यालयों के आंतरिक लेखापरीक्षण का कार्य करता है. बैंक की सभी शाखाएं जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा के अंतर्गत आती हैं. वित्त वर्ष 2020 के दौरान लेखापरीक्षित 9,482 शाखाओं में से 8,481 शाखाएं (89.44%) न्यूनतम जोखिम में थीं, 829 शाखाएं (8.74%) मध्यम जोखिम में थीं, 122 शाखाएं (1.29%) उच्च जोखिम में थीं, 4 शाखाएं (0.04%) अत्यधिक उच्च जोखिम वर्ग में थीं.

बैंक ने प्रौद्योगिकी, इमेजिंग समाधान और डिजिटलीकरण के उपयोग के द्वारा गतिविधियों के केंद्रीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ लेखापरीक्षा की व्यापक समीक्षा के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में एक स्वतंत्र फर्म की सेवाएं ली हैं. लेखापरीक्षा रूपांतरण प्रक्रिया पूरी हो गयी है और पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान संशोधित व्यवस्था के अंतर्गत लेखापरीक्षा पद्धति की शुरुआत की है.

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान ऋण लेखापरीक्षा (01.09.19 से) और यूनिवर्सल ब्रांच (01.02.20 से) के लिए स्वचालित वातावरण के तहत लेखापरीक्षा शुरू की गई है और इसका स्थायीकरण किया गया है जिसके बाद संपूर्ण लेखापरीक्षा प्रक्रिया तकनीक, विश्लेषण, नमूना और उन्नत लेखापरीक्षा पद्धति के व्यापक उपयोग के साथ परिवर्तन के दौर से गुजरेगी. इस प्रकार आंतरिक लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को तकनीक की सहायता से नया रूप प्रदान किया जाएगा.

सतर्कता

बैंक में सतर्कता प्रशासन प्रबंधन के अन्य कार्यों की तरह महत्वपूर्ण कार्य है. इन कार्यों को करते समय, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है कि पद्धति एवं प्रक्रियाएं न केवल पर्याप्त हों बल्कि नीतिपरक, उचित एवं निष्पक्ष हो.

बैंक के सतर्कता प्रशासन में तीन खंड शामिल हैं:

ए) निवारक सतर्कता

बी) दंडात्मक सतर्कता

सी) निगरानी और जांच

जहां दंडात्मक कार्रवाई निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, वहीं निवारक और निगरानी उपायों को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि ये दंडात्मक कार्रवाई की घटनाओं को कम करने में अधिक सहायक सिद्ध हो सकती हैं.

दंडात्मक और निगरानी संबंधी कार्य पूर्णत: परिभाषित विनियमों के अनुसार किए जाते हैं. एक ओर, बैंक यह सुनिश्चित करता है कि सभी स्तरों पर अधिकारी और कर्मचारी जो अनुचित साधनों का सहारा लेते हैं, दुराग्रही और दुर्भावनापूर्ण व्यवहारों में लिप्त रहते हैं और जिनकी सत्यनिष्ठा में खोट होती है, उन्हें दंडित किया जाए. जबकि दूसरी ओर, बैंक यह भी सुनिश्चित करता है कि व्यवसाय के सामान्य गतिविधियों के रूप में उद्देश्यपरक और विवेकपूर्ण ढंग से किए गए निर्णय भविष्य में गलत भी साबित हो जाते हैं तो भी उन्हें सुरक्षा प्राप्त हो.

मानव संसाधन

बैंक के पास 84,000+ प्रतिभाशाली कर्मचारियों का समृद्ध समूह है. बैंक अपने मानव संसाधन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर नई पहले करता है जैसे कि भर्ती, कर्मचारियों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना, कर्मचारी नियोजन और क्षमता निर्माण.

बैंक नई अवधारणाओं, प्रथाओं और प्रक्रियाओं को अपनाने और कुछ नया करने में हमेशा अग्रणी रहा है. समामेलन के पश्चात समामेलित इकाई में मानव संसाधन नीतियों और योजनाओं को तैयार करने के लिए "तीनों में श्रेष्ठ" दृष्टिकोण अपनाया गया था.

विभिन्न कर्मचारी-केंद्रित पहलों ने पीसीआई (पीपल कैपिटल इंडेक्स) में भारत की सर्वश्रेष्ठ 50 कंपनियों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त करने में बैंक की मदद की, जो मेसर्स जोम्बे नामक अग्रणी एचआर कंसल्टेंसी फर्म द्वारा ब्रिटिश मानक संस्थान (बीएसआई) के सहयोग से कंपनियों के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को मापने हेतु स्थापित किया गया सूचकांक है. बैंक को वित्तीय वर्ष 2020 में लगातार तीसरे वर्ष यह सम्मान मिला है.

वर्ष के दौरान निम्नलिखित पहलें की गईं जिनका हमारे बैंक के कार्यनिष्पादन पर प्रत्यक्ष एवं महत्वपूर्ण प्रभाव रहा:

श्रम शक्ति आयोजन और भर्ती:

बैंक ने विभिन्न स्तरों पर कौशल–आधारित श्रम शक्ति आवश्यकताओं के आकलन के लिए एक नया वैज्ञानिक श्रमशक्ति आयोजन मॉडल तैयार किया है. इससे बैंक को भर्ती, तैनाती, पदोन्नति, प्रशिक्षण आदि जैसे महत्वपूर्ण रणनीतिक फैसले लेने में मदद मिलेगी.

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से 1,728 अधिकारियों और 2,430 व्यवसाय सहयोगियों की भर्ती की है. बैंक ने विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को सुदृढ़ और मजबूत करने के लिए मुख्य क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाले विशेष स्टाफ सदस्यों की भर्ती की है.

बड़ौदा जेम्स ''विकास और सशक्तिकरण प्रबंधन प्रणाली''

बैंक ने अपनी मानव पूंजी की क्षमताओं को उजागर करने के लिए एक महत्वाकांक्षी यात्रा शुरू की थी. इस रूपान्तरण यात्रा में ''बड़ौदा जेम्स'' ''विकास और सशक्तीकरण प्रबंधन प्रणाली" नामक एक नई वैज्ञानिक और वस्तुनिष्ठ कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली शामिल थी.

बड़ौदा अनुभूति कार्यक्रम

यह एक कर्मचारी इंगेजमेंट कार्यक्रम है, जिसे टीम एकजुटता की भावना और सहयोग तथा कार्यस्थल को खुशनुमा बनाने के लिए तैयार किया गया है. समग्र रूप से कर्मचारी जुड़ाव के स्तरों को उच्च बनाने हेतु विभिन्न पहलें जैसे सभी शाखाओं/कार्यालयों में माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, स्पॉट रिकॉग्निशन–खुशनुमा पल, मनोरंजन का समय, कर्मचारियों द्वारा स्थानीय सामुदायिक सेवा/ सामाजिक गतिविधियां आदि प्रारंभ की गईं. सभी शाखाओं/कार्यालयों के माध्यम से छ: महीनों में अनिवार्य रूप से सामुदायिक सेवा कार्यक्रम चलाया जाता है.

बड़ौदा अनुभूति के तहत, बैंक प्रति वर्ष नवंबर के चौथे शनिवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन करता है. पिछले वर्ष विभिन्न वर्गों में अंतर अंचल खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विभिन्न कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखी गई थी और कर्मचारियों के बीच टीम भावना और जुड़ाव को बेहतर बनाने में मदद मिली थी.

वेलनेस और फिटनेस अभियान

बैंक ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कुशलता के लिए कई पहलें की हैं, जिसमें कर्मचारियों और उनके पति–पत्नी के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य जांच योजना शामिल है. बैंक सभी स्थायी कर्मचारियों को रु. 20 लाख का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस कवर प्रदान करता है. ग्रुप मेडिकल इंश्योरेंस पॉलिसी के माध्यम से कर्मचारियों की मेडिकल चिकित्सा संबंधी जरूरतों को पूरा किया जाता है. बैंक अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कुशलता के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर, फिटनेस अभियान, योग सत्र आदि आयोजित करता है. बैंक ने अक्टूबर–नवंबर 2019 की अवधि के दौरान 'वेलनेस मंथ' मनाया, जिसके तहत निवारक स्वास्थ्य जांच और फिटनेस अभियान आयोजित किए गए थे.

बैंक की शिशु गृह सुविधा

वर्ष के दौरान, बैंक ने अपने कर्मचारी हितैषी कल्याणकारी उपायों के तहत, कॉरपोरेट कार्यालय, मुंबई में स्थापित पहली क्रेश सुविधा के अलावा, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा और अंचल कार्यालय बैंगलुरु में एक अत्याधुनिक ऑनसाइट शिशु गृह सुविधा की स्थापना की है. यह सुविधा कर्मचारियों के छोटे बच्चों के लिए डे–केयर सुविधा उपलब्ध कराती है.

ज्ञानार्जन और विकास

बैंक ने हमेशा माना है कि ज्ञानार्जन और विकास, किसी संगठन की मानव पूंजी को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और तदनुसार बैंक ने पिछले वर्ष के दौरान ज्ञानार्जन संबंधी विभिन्न पहलें की हैं. बड़ौदा गुरुकुल जोकि बैंक की व्यापक ज्ञानार्जन प्रबंधन प्रणाली है, ई–लर्निंग मॉड्यूल, बड़ौदा ट्यूब, बड़ौदा रेडियो, मार्गदर्शक, डिजिटल लाइब्रेरी, साप्ताहिक क्विज़ आदि जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से ज्ञानार्जन सुविधा उपलब्ध कराती है.

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान, बड़ौदा एपेक्स अकादमी ने समामेलित बैंकों के कर्मचारियों को शामिल करने के लिए "UTSUK" नामक एक विशेष कार्यक्रम तैयार किया, जिसने समामेलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. गेम–जैसी ज्ञानार्जन सुविधा की शुरुआत के लिए वर्ष के दौरान 'बड़ौदा बाहुबली' नामक ज्ञानार्जन प्रतियोगिता नामक शुभारंभ किया गया. भारत भर में विभिन्न अकादमियों द्वारा शोध पत्रों का संकलन 'बड़ौदा संहिता' का भी शुभारंभ किया गया.

'वी लीड' एक व्यापक नेतृत्व विकास कार्यक्रम

अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर मानव संसाधन नीति एवं प्रक्रिया स्थापित करने में बैंक ऑफ बड़ौदा हमेशा अग्रणी रहा है. अपनी रूपांतरण प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, बैंक ऐसे संभावित लीड़रों की पीढ़ी तैयार करने के लिए प्रयासरत है जो नेतृत्व करने और बैंक के भावी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम हों.

प्रारम्भ के पहले चरण में वीलीड लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम की निरंतरता और भावना को बनाए रखने के उद्देश्य से बैंक ने वित्त वर्ष 2020 में वीलीड –II की शुरुआत की है, जिसका समामेलन के संदर्भ में महत्व और बढ़ जाता है. इसलिए वीलीड –II का एक महत्वपूर्ण घटक सांस्कृतिक आत्मसात था. यह कार्यक्रम एकीकरण को सफल बनाने, सहक्रियता का अहसास कराने, विकास की गति को बरकरार रखने और भविष्य के लिए तैयार रहने पर भी केंद्रित है.

वीलीड II कार्यक्रम में तीन स्तरों में विशेष रूप से पहचान किए गए निम्नलिखित कर्मचारी शामिल हैं :

कार्यक्रम	कवरेज	शामिल प्रतिभागियों की संख्या
बड़ौदा सीनियर लीडरशिप कार्यक्रम	महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक	150
बड़ौदा इमर्जिंग लीडर्स कार्यक्रम	सहायक महाप्रबंधक	275
बड़ौदा राइजिंग स्टार्स कार्यक्रम	मुख्य प्रबंधक	575

कॅरियर विकास

बैंक ने कर्मचारियों को कॅरियर विकास के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने, उनके निष्पादन को पुरस्कृत करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास किए हैं. बैंक अपने कर्मचारियों को व्यापक एक्सपोज़र प्रदान करने के लिए उन्हें विभिन्न स्थानों पर तैनात करता है और उन्हें विदेशों में भी नियुक्ति दी जाती है.

मानव संसाधन नीतियां और प्रणालियों का विकास

बैंक समयानुकूल परिवर्तनों, कर्मचारी आकांक्षाओं और बैंक की समग्र आवश्यकताओं तथा व्यावसायिक लक्ष्यों के आधार पर अनुकूल परिवर्तन लाने की दृष्टि से अपनी नीतियों और प्रणालियों को लगातार अद्यतन कर रहा है. वित्त वर्ष 2020 के दौरान विभिन्न नीतियों अर्थात् ओवरसीज़ प्लेसमेंट पॉलिसी, एचआर रिसोर्सिंग पॉलिसी, कर्मचारी नियोजन नीति, खेल नीति, पदोन्नति नीति, स्थानांतरण नीति और सोशल मीडिया नीतियों को अद्यतन किया गया और इन्हें समयानुकूल बनाया गया है.

कर्मचारी कल्याण निधि के तत्वावधान में बैंक ने अपनी सुविधाओं को मानकीकृत किया है, अवकाश गृहों में कमरों की संख्या में वृद्धि की है और साथ ही अलीबाग और मैसूर जैसे नए स्थानों पर अवकाश गृह की सुविधा शुरू की है. अवकाश गृहों की कुल संख्या अब 57 हो गई है. बैंक का मानव संसाधन केंद्रीकृत प्रसंस्करण कक्ष (एचआरसीपीसी) सभी कर्मचारियों के ऋण आवेदनों और अन्य ऑनलाइन टीए/ डीए दावों को आवेदन प्राप्त होने के दिन ही प्रोसेस कर देता है और एक मानकीकृत टीएटी का पालन करता है तथा कर्मचारी संतुष्टि में योगदान देता है. बैंक ने उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने के लिए नवीनतम सुविधाओं के साथ अपने मानव संसाधन नेटवर्क "कर्मचारी सेवाओं हेतु मानव संसाधन नेटवर्क (एचआरएनईएस)" में और सुधार किया है.

विविधता पर जोर

बैंक अपने सभी कर्मचारियों के लिए भेदभाव रहित और समान अवसर नीति का पालन करता है. बैंक पदोन्नति, कॅरियर-पाथ, स्थानांतरण नीति और कर्मचारी लाभ/ कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सभी मुद्दों में पारदर्शी है. बैंक ने दृष्टिबाधित कर्मचारियों के लिए 'जॉब रोल्स' आरम्भ किया है. इसके अलावा बैंक एक बेहतर वैविध्यपूर्ण कार्यस्थल बनाने के लिए महिला कर्मचारियों की भर्ती में उत्तरोत्तर वृद्धि कर रहा है. वित्त वर्ष 2020 में समग्र स्टाफ संरचना में महिलाओं का प्रतिशत बढ़कर 25.6% हो गया है.

सभी स्तरों पर महिला कर्मचारियों को बनाए रखने के लिए तथा महिलाओं की सहगामी जिम्मेदारियों को मान्यता देते के लिए बैंक ने महिला कर्मचारियों की सहायता हेतु अन्य पहलों के साथ-साथ कई सुविधाएँ प्रदान की हैं जैसे कि महिला कर्मचारियों के लिए विराम-अवकाश, स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम, शिशुगृह की सुविधा.

आरक्षण कक्ष

